दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

वर्ष-3, अंक-31
इन्दौर, बुधवार
28 अक्टूबर 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है।



इजराइल में वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटे, मुस्लिम इलाकों में ज्यादा वोटिंग...

## 4 घंटे में 45 प्रतिशत मतदान...

**तेल अवीव।** इजराइल में प्रधानमंत्री पद के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। इसमें बंपर वोटिंग हो रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 2 बजे तक (स्थानीय समय के मुताबिक) करीब 45 प्रतिशत वोटिंग हुई है। यह इजराइल के इतिहास में सबसे ज्यादा है। रात 10 बजे (भारतीय समय के मुताबिक रात 1:30 बजे) मतदान खत्म होगा। इजराइल में सबसे ज्यादा वोटिंग का रिकॉर्ड 79.9 प्रतिशत है। यह 1988 में हुआ था। एक्सपर्ट्स अनुमान लगा रहे हैं कि इस बार यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

बंपर वोटिंग के बीच नेतन्याहू ने मुस्लिम महिलाओं की फोटो पोस्ट कर समर्थकों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की है। उन्होंने एक्स चैनल-14 का एक फुटेज शेयर किया। इसमें दो पोलिंग बूथ की तुलना की गई है। नेतन्याहू ने लिखा कि अरब (मुस्लिम) इलाकों में सामान्य से ज्यादा वोटिंग हो रही है, जबकि दक्षिणपंथी मतदाता कम संख्या में वोट डालने पहुंच रहे हैं।



यूएनएससी में सुधारों को लेकर भारत ने एक बार फिर अपना अड़िग रुख दोहराया

## भारत ने खारिज की बिना वीटो की यूएनएससी सदस्यता

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का सदस्य होने का मुख्य आकर्षण वीटो पावर है। वीटो पावर ही इसके सदस्यों को वो अधिकार देता है कि यूएनएससी से पारित किसी फैसले पर अमल होगा या नहीं। दुनिया की महाशक्तियों में शुमार हो रहे भारत ने इस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग लंबे समय से की है। लेकिन बिना वीटो पावर के स्थायी सदस्यता की चर्चाओं के बीच भारत ने ऐसे किसी भी प्रस्ताव को साफ खारिज किया है। यूएनएससी में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वथनेनी ने स्पष्ट कहा कि बिना वीटो पावर के स्थायी सदस्यता 'सेकंड क्लास' स्टेटस के बराबर है और भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर-सरकारी वार्ता की पूर्ण बैठक में वीटो के सवाल पर बोलते हुए राजदूत पर्वथनेनी ने कहा कि जब तक वीटो का प्रावधान मौजूद है, तब तक रिफॉर्म के बाद बने सुरक्षा परिषद के सभी स्थायी सदस्यों के पास यह अधिकार होना चाहिए। निष्पक्षता और न्याय की मांग है कि सभी स्थायी सदस्यों को समान अधिकार और जिम्मेदारियां मिलें। उन्होंने कहा कि वीटो को लेकर भारत का रुख सिद्धांतों पर आधारित है और सबको पता है।

**एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली, उधर सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के हलफनामे पर गरमाया माहौल, विपक्ष ने पड़ताल के बाद खोली आयोग के झूठ की पोल...**

# चुनाव आयोग के शपथ पर बवाल!

● नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के कामकाज और बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी है। अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली, कथित एकतरफा फैसलों और फॉर्म 6 में बदलाव को लेकर दाखिल याचिकाओं पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने राज्यसभा सांसद डोला सेन द्वारा दायर एक नई याचिका पर भी चुनाव आयोग और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया। इस मामले की सुनवाई अगली तारीख तक स्थगित कर दी। उधर, सोमवार को चुनाव आयोग ने कामकाज पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर जवाब दिया। आयोग के जो जवाब दिया है उसकी गहनता से पड़ताल करने पर यह तथ्य सामने आया है कि पूर्व में जो शपथ पत्र दिए गए हैं और वर्तमान के जवाब में कोई समानता नहीं है। इसको लेकर राजनीति गरमा गई है। विपक्ष चुनाव आयोग पर हमलावर हो गया है।

जानकारी के अनुसार, आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दिए अपने हलफनामे में बताया है कि एसआईआर से जुड़े सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे। इस दस्तावेज में चुनाव आयोग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। इसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, आयोग के अधिकारों और मतदाताओं के नाम जोड़ने व सत्यापन से जुड़े नियमों का उल्लेख है। यह हलफनामा तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से दायर की गयी है। हलफनामे के साथ आयोग ने एसआईआर से संबंधित अपने आदेशों, मतदाता पंजीकरण नियमों, फॉर्म-6, घोषणा-पत्र और पूर्व में दिए गए न्यायिक आदेशों की प्रतियां भी संलग्न की हैं। चुनाव के आयोग के शपथ पत्र को विपक्षी गलत बता रहे हैं। उधर, एसआईआर विवाद इस कदर चरम पर पहुंच गया है कि इंडिया गठबंधन की 1 नवंबर की रैली के जवाब में भाजपा ने भी सड़क पर उतरने की तैयारी कर ली हैं। बुधवार को भाजपा के नेता लाल किला से टाउन हाल तक मार्च निकालेंगे।

**फॉर्म-7 विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कर्नाटक की फाइनल वोटर लिस्ट की जारी**




## सीईसी के इस्तीफे तक नहीं रुकेगा विपक्ष: राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दिल्ली के त्रिलोकपुरी स्थित ब्लॉक 20 में वोट अधिकार जीने का अधिकार जन सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि देश में ऊपर के स्तर से वोट चोरी की जा रही है और गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट है और जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पद से नहीं हटाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। राहुल गांधी ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट है। वोट भारत के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। इसके बावजूद देशभर में करोड़ों लोगों से उनका यह अधिकार यानी वोट व्यवस्थित तरीके से छीना जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि हम लंबे समय से यह मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन अब पूरा देश समझने लगा है कि ऊपर के स्तर से वोट चोरी हो रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि गरीबों के नाम मतदाता सूची से जानबूझकर हटाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इससे उनके अधिकार और सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं और उनके अधिकार तथा सुविधाएं छीनी जा रही हैं। ऐसा क्यों किया जा रहा है? एक ऐसा लक्ष्य हिंदुस्तान बनाने के लिए, जो कुछ चुने हुए अरबपतियों का हो। जहां आम नागरिकों और गरीबों के अधिकार न हों और देश केवल अरबपतियों के हित में चलाया जाए। कांग्रेस ने 30 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रतीकात्मक महाभियोग जैसी प्रक्रिया आयोजित करने की योजना बनाई है।

### कर्नाटक एसआईआर में करीब 1 करोड़ नाम कटे

हाल ही में कर्नाटक में फॉर्म-7 को लेकर सवाल उठ रहा था, इसी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने राज्य की फाइनल वोटर्स लिस्ट जारी कर दी है। जारी की गई नई लिस्ट के मुताबिक, इसमें पहले के मुकाबले करीब 1 करोड़ नाम कम हो गए हैं। कर्नाटक में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले वोटर्स लिस्ट में 5.54 करोड़ से ज्यादा नाम शामिल थे। अब फाइनल लिस्ट में 4.55 करोड़ वोटर्स हैं। हालांकि, ये संख्या शुरुआती ड्राफ्ट लिस्ट से ज्यादा है, क्योंकि दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया के दौरान करीब 8.64 लाख नाम जोड़े गए। कर्नाटक के एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म-7 के आवेदनों की संख्या में बढ़ोतरी को लेकर सवाल उठ रहे थे। इस दौरान सामने आया कि चुनाव अधिकारियों ने ही 61 हजार आवेदन रिजर्व में डाल दिए थे। अभी ये मामला चर्चा में था कि इसी बीच फाइनल वोटर्स लिस्ट जारी कर दी है। इस दौरान एसआईआरकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य की वोटर लिस्ट में दर्ज मतदाताओं की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। कर्नाटक की फाइनल वोटर्स लिस्ट में कुल 4.55 करोड़ से ज्यादा मतदाता शामिल हैं।

मोहन कैबिनेट बैठक में विकास योजनाओं को लेकर सतत कार्रवाई के दिए गए निर्देश...

## ईओडब्ल्यू के लिए 345 करोड़ रुपए मंजूर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। जिसमें कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सेवा संकल्प अभियान से लेकर किसान कल्याण, विकास योजनाओं और आगामी आयोजनों तक कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मोहन कैबिनेट बैठक में आर्थिक अनियमितताओं पर कार्रवाई और विकास योजनाओं को लेकर सतत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ईओडब्ल्यू के लिए 345 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। नगरीय निकायों से जुड़े मामलों में 392 लोगों पर कार्रवाई की जानकारी दी गई, जिसमें एआई और तकनीक की मदद लिए जाने का भी उल्लेख है। वहीं, विभिन्न योजनाओं को निरंतर जारी रखने और छिंदवाड़ा, सागर, सिवनी तथा मुरैना से जुड़ी योजनाओं के लिए कुल 3,378 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई।

कैबिनेट ने कैपा फंड के तहत 2050 करोड़ रुपये के प्लान को स्वीकृति दी। वहीं, ईओडब्ल्यू के कामकाज के लिए 345 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वर्ष 2019-20 से चल रही चार योजनाओं को आगे जारी रखने के लिए 3378 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। ये योजनाएं छिंदवाड़ा, मुरैना, सिवनी और सागर जिलों से संबंधित हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग की सात योजनाओं को जारी रखने के लिए भी 351 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

### दिसंबर में मंत्रियों का चिंतन शिविर

सरकार का दो दिवसीय चिंतन शिविर 21 और 22 दिसंबर को प्रस्तावित है। इसमें सरकार के तीन साल के कामकाज की समीक्षा के साथ आगामी वर्ष की प्राथमिकताओं और योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

## 19 महीने के चीते को गोली मारी, मौत

### शरीर से निकले छर्रे, घर में घुसकर बछड़ों का किया था शिकार

**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क से निकलकर मुरैना पहुंचे 19 महीने के मादा चीते को गोली मार दी गई। गोली लगने से चीते की मौत हो गई है। रविवार को बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला किया गया था। पहले जानकारी सामने आई थी कि ग्रामीणों ने चीते को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था।

हालांकि, अब जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की डॉक्टर डॉ. शोभा जावरे ने चीते को गोली लगने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान चीते के शरीर से छर्रे निकाले गए हैं। देश में किसी चीते को गोली मारने का यह दूसरा मामला है। कूनो नेशनल पार्क के चीतों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पार्क से बाहर निकलने वाले चीते सुरक्षित नहीं हैं। इन चीतों को कॉलर आईडी लगाई गई है, वन विभाग की टीमें लगातार उनकी निगरानी कर रही हैं। इसके बावजूद मादा चीते को गोली मार दी गई।

## ट्रम्प पर स्विस मॉडल ने रेप का लगाया आरोप

### कहा-वीजा दिलाने के बहाने होटल में बुलाया... अबतक 27 महिलाएं यौन शोषण के आरोप लगा चुकी

**न्यूयॉर्क।** स्विट्जरलैंड की पूर्व मॉडल बीट्रिस वेयूल ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर रेप का आरोप लगाया है। उसने कहा कि 1993 में न्यूयॉर्क के प्लाजा होटल में ट्रम्प ने उनके साथ रेप किया था। वेयूल ने बताया कि घटना के बाद उनके शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था और चोट के निशान पड़ गए थे। यह दावा अमेरिकी संसद में डेमोक्रेटिक सदस्यों की ओर से जारी एक नई रिपोर्ट में किया गया है।

वेयूल ने 2024 में ट्रम्प पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। तब उन्होंने कहा था कि 1993 में ट्रम्प ने उन्हें जबरन पकड़ा, चूमा और उनके कपड़े उतारने की कोशिश की थी। अब नई रिपोर्ट में वेयूल ने समिति के कर्मचारियों को बताया कि उस घटना में ट्रम्प ने उनके साथ रेप किया था।



### मिस स्विट्जरलैंड रह चुकी हैं बीट्रिस वेयूल

वेयूल के मुताबिक, 1993 में वह मॉडलिंग करती थीं। वह मिस स्विट्जरलैंड प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी थीं और मिस यूरोप प्रतियोगिता के अंतिम दौर तक पहुंची थीं। नवंबर 1993 में वह डोनाल्ड ट्रम्प के साथ साझेदारी में आयोजित अमेरिकन ड्रीम पेजेंट में हिस्सा लेने अमेरिका पहुंचीं।

## देवास-सागर के एसपी-कलेक्टर हटाए

### दिलीप सागर, अंजु सिवनी की नई कलेक्टर होंगी

**आदित्य देवास और संजीव सागर के नए एसपी, सिवनी में भी नई कलेक्टर**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में जहरीली शराब से मौतों के मामलों के बीच राज्य सरकार ने तीन जिलों के कलेक्टर और दो जिलों के एसपी बदल दिए हैं। आदेश के मुताबिक, सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रबंध संचालक बनाया है। देवास कलेक्टर ऋतुराज को सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव पदस्थ किया है। वहीं, सिवनी कलेक्टर नेहा मीना को देवास भेजा गया है।

दिलीप कुमार यादव सागर और अंजू अरुण कुमार सिवनी की नई कलेक्टर होंगी। यादव इससे पहले मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम में प्रबंध संचालक थे, जबकि अंजू अरुण कुमार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में उप सचिव थीं।

### देवास-सागर के एसपी को पीएचक्यू बुलाया

सरकार ने देवास के एसपी पुलीत गहलोत और सागर के एसपी अनुराग सुजानिया को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक पदस्थ किया है। बालाघाट के एसपी आदित्य मिश्रा को देवास का नया एसपी बनाया गया है, जबकि संजीव कुमार सिन्हा सागर के नए एसपी होंगे। सिन्हा इससे पहले ग्वालियर में विशेष सशस्त्र बल की 14वीं वाहिनी में सेनानी थे।

## तमिलनाडु की थेनी जेल से 17 कैदी फरार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के थेनी जिले की सब-जेल से सोमवार देर रात पुलिसकर्मियों पर हमले के बाद 17 कैदी फरार हो गए। इन्हें पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गई हैं। रात भर सर्च ऑपरेशन दौरान 13 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया गया है। साउथ जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजयेंद्र बिदारी के मुताबिक, सभी 17 कैदी एक ही सेल में बंद थे। जेल कर्मचारियों को रात में एक कैदी की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। जब कर्मचारी सेल में पहुंचे, तो कैदियों ने उन पर हमला कर दिया और फरार हो गए।

**पुलिसकर्मियों पर हमला किया, 13 गिरफ्तार, तलाश में 17 टीमें जुटीं 1995 के बाद दूसरी बड़ी घटना**

## हूतियों से हमले रुकवाने के लिए 95 अरब देगा सऊदी!

**ईरान बना मध्यस्थ, हूतियों के कब्जे वाले इलाके लौटाने की शर्त महीने सैन्य अभियान ने बदले की वजह से**

**तेहरान/रियाद।** यमन के हूती विद्रोहियों के साथ जारी तनाव खत्म करने के लिए सऊदी अरब कथित तौर पर 95 अरब रुपये की आर्थिक मदद देने को तैयार है।

इजराइली मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके बदले हूतियों से सऊदी अरब पर हमले रोकने और सीजफायर बनाए रखने की अपेक्षा है। इस बातचीत में ईरान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। हालांकि, रकम की पेशकश और समझौते की शर्तों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान सोमवार को बातचीत के लिए तेहरान पहुंचे थे। उनके साथ पाकिस्तान और तुर्किये के अधिकारी भी वहां पहुंचे।




### पहले कब्जे वाले इलाके लौटाएं हूती...

सऊदी अरब की प्रमुख शर्त यह बताई जा रही है कि हूती विद्रोही यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार से कब्जाए गए इलाकों को लौटाएं। सऊदी अरब इस सरकार का समर्थन करता है। रिपोर्ट के अनुसार, रियाद सैन्य दबाव से किसी तरह सीजफायर समझौते के लिए तैयार नहीं होना चाहता। हूती विद्रोहियों के हमलों से सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचने का दावा किया जाता रहा है।

## पूर्व भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप सपा में शामिल

**लखनऊ।** 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सपा अपना सियासी कुनबा बढ़ा है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को आंवला (बरेली) से भाजपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप और उनकी बेटी कीर्ति कश्यप को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे पहले धर्मेंद्र कश्यप ने भाजपा से इस्तीफा देने के बाद 11 अक्टूबर को लखनऊ में अपनी बेटी के साथ अखिलेश यादव से मुलाकात की थी, जिसके बाद से ही उनके सपा में आने की चर्चाएं तेज हो गई थीं। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के साथ विभिन्न दलों के कई बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सपा की सदस्यता ली।



दवाओं के एमआरपी और रिटेलर को मिलने वाली कीमतों में भारी अंतर पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा...

## पूरा सिस्टम दवा निर्माताओं की क्यों कर रहा है मदद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं के एमआरपी और रिटेलर को मिलने वाली कीमतों में भारी अंतर पर सरकार से सवाल किए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने पूछा कि पूरा सिस्टम दवा निर्माताओं की मदद क्यों कर रहा है? बेंच ने नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी को पूरी तरह इकोसिस्टम को नियंत्रित नहीं किया जाए। बेंच ने पूछा कि पूरा सिस्टम इन लोगों (निर्माताओं) की मदद के लिए क्यों काम कर रहा है?

सरकार ने कहा कि भारत में दवाओं की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं। इस पर बेंच ने कहा कि सरकार ऐसा होने दे रही है। यह सरकार की अपनी नजरों के सामने हो रहा है। बेंच ने सवाल किया कि क्या इसे ऐसे ही बेलगाम चलने दिया जाना चाहिए? केंद्र ने कोर्ट को बताया कि सरकार की नीति है कि पूरे इकोसिस्टम को नियंत्रित नहीं किया जाए। बेंच ने पूछा कि पूरा सिस्टम इन लोगों (निर्माताओं) की मदद के लिए क्यों काम कर रहा है?

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच धार्मिक स्थलों के विकास के लिए फंड जुटाने का नया मॉडल आया सामने

## देश में पहली बार शेयर बाजार में उतरेंगे टेंपल बॉन्ड


**200 करोड़ जुटाएगा उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन के 11 मंदिरों पर खर्च होंगे 1124 करोड़**

● भोपाल/उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच धार्मिक स्थलों के विकास के लिए फंड जुटाने का नया मॉडल सामने आया है। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) 200 करोड़ रुपए के टेंपल बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया में है। इनके जरिए देश-विदेश के श्रद्धालु और आम निवेशक मंदिरों के विकास में आर्थिक भागीदारी कर सकेंगे।

बॉन्ड शेयर बाजार में लिस्ट किए जाने की योजना है। ऐसा होने पर मंदिर विकास के लिए बाजार से पूंजी जुटाने का यह देश में पहला प्रयोग होगा। काल भैरव, भूखी माता सहित उज्जैन के 10 मंदिरों और आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित बगलामुखी माता मंदिर को इस योजना में शामिल किया गया है।

अगले एक-दो महीने में बॉन्ड की ऑनलाइन खरीद-बिक्री शुरू होने की संभावना जताई गई है। लिस्टिंग से पहले शेयर बाजार में होने वाली बेल सेरेमनी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की बात भी कही गई है। सिंहस्थ-2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए 11 धार्मिक स्थलों के विकास पर कुल 1124 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है। इसके लिए वित्तीय व्यवस्था तीन प्रमुख स्रोतों से प्रस्तावित है। उज्जैन विकास प्राधिकरण की गारंटी पर बैंक से कर्ज लेने की प्रक्रिया लगभग पूरी बताई गई है। संभवित बैंक ने 643 करोड़ रुपए लोन को मंजूरी दे दी है। 200 करोड़ रुपए के टेंपल बॉन्ड शेयर बाजार में सूचीबद्ध कर निवेशकों से पूंजी जुटाने की तैयारी है।



### मंदिरों की कमाई से चुकाया जाएगा बैंकों का कर्ज

इस मॉडल की खास बात यह है कि मंदिरों से जुड़े व्यावसायिक और पर्यटन संबंधी संसाधनों से होने वाली कमाई को वित्तीय व्यवस्था का आधार बनाया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक, मंदिरों के आसपास विकसित होने वाली दुकानों, पार्किंग और प्रवेश शुल्क से मिलने वाले राजस्व का उपयोग बैंक का कर्ज चुकाने और बॉन्ड निवेशकों को भुगतान करने में किया जाएगा। इससे मंदिरों के विकास के लिए जुटाई गई राशि की भरपाई धार्मिक पर्यटन से होने वाली कमाई के जरिए करने की कोशिश होगी। हालांकि, निवेशकों को भुगतान की शर्तें, बॉन्ड की अवधि, ब्याज या प्रतिफल की दर और राजस्व कम रहने की स्थिति में भुगतान की व्यवस्था जैसी जानकारियां सामने आना बाकी हैं।

## संपादकीय

# सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सड़कों पर होगा महासंग्राम!

भारतीय राजनीति में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संघर्ष कोई नई बात नहीं है। लेकिन जब यह लड़ाई राजनीतिक दल, संसद और संवैधानिक संस्थाओं के साथ-साथ सड़कों पर आकर लड़ने लगें, तो स्थिति की गंभीरता को समझना जरूरी हो जाता है। 1 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित विपक्ष की रैली ने इसी सवाल को केंद्र में ला दिया है। लोकतंत्र में असहमति का मुकाबला संवाद से होगा, या शक्ति प्रदर्शन से होगा? कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस और विपक्षी दलों की ओर से इसमें 10 लाख लोगों को जुटाने की घोषणा की गई है। इसी बीच 30 अक्टूबर को सड़क पर संसद आयोजित कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पेश करने की विपक्ष की घोषणा ने राजनीतिक टकराव को नया आयाम दे दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव की संवैधानिक प्रक्रिया और उसके लिए निर्धारित कानूनी आधार को समझना भी जरूरी है। दिल्ली पुलिस की अनुमति को लेकर उठे विवाद ने भी राजनीतिक बहस को और भी तेज कर दिया है।

विपक्ष की प्रमुख मांगों में मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग शामिल है। विपक्ष का आरोप है, मतदाता सूची में बदलाव नागरिकों के मताधिकार को समाप्त कर रहा है। इसके विपरीत, भाजपा विपक्ष के आंदोलन को चुनौती देते हुए नवंबर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे के साथ देशव्यापी पदयात्राओं और प्रदर्शनों की तैयारी कर रही है। राजनीतिक संघर्ष में अब तक विपक्ष सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरता था, अब उसमें सत्ता पक्ष भी सार्वजनिक प्रदर्शन के माध्यम से जवाब देने की तैयारी में है। इससे दोनों पक्षों में टकराव बढ़ता चला जा रहा है। आगे चलकर गृह युद्ध जैसी संभावनाओं को भी बनाता हुआ दिख रहा है। इस टकराव के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए बयान मोदी क्या मोदी का बाप भी इस्तीफा देगा, इस पर भी विवाद खड़ा हुआ है। खड़गे के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनसे माफी की मांग की है। इस घटनाक्रम ने मताधिकार और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मूल मुद्दों के साथ राजनीतिक भाषा और नेताओं की सार्वजनिक जिम्मेदारी को भी बहस का हिस्सा बना दिया है।

लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही सड़कों पर आकर आंदोलन कर रहे हैं। यह स्थिति पहली बार देश में देखने को मिल रही है। जब सरकार और विपक्ष दोनों ही सड़कों पर हों, एक दूसरे का मुकाबला करने के लिए हर स्थिति में जाने को तैयार हों। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी कानून व्यवस्था को लेकर हो रही है। यदि सत्ता पक्ष को प्रदर्शन और रैली की अनुमति दी जाती है, तो विपक्ष भी मुकाबले में आकर अपने आंदोलन और प्रदर्शन तेज करेगा। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तकलीफ यह है, सीमित संसाधन होते हुए जिस तरह से दिल्ली सहित अन्य राज्यों में बड़ी संख्या में प्रदर्शन हो रहे हैं, उसके पास इतना बल नहीं है, जो इतनी बड़ी संख्या में हो रहे प्रदर्शनों को व्यवस्थित कर पाए। जिस तरह की स्थिति बनने लगी है, उसको लेकर सबसे बड़ी चिंता कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन की बढ़ती चली जा रही है। प्रशासन दो पाटों के बीच में एक तरह फंस गया है। जिस तरह की स्थितियां देश में बन रही हैं, वह अच्छी नहीं कहीं जा सकती हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में संवाद होना जरूरी है। जिस तरह से लोकसभा के मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में संवाद नहीं हुआ। अभी मानसून सत्र स्थगित भी नहीं हुआ है। आगे भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में संवाद की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है, जिसके कारण चिंता बढ़ती जा रही है। सरकार को गंभीरता से इस स्थिति पर विचार करना चाहिए।

# स्तरहीनता एवं विरोध की भाषा में उलझती कांग्रेस



ललित गर्ग



लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष एक-दूसरे के विरोधी अवश्य होते हैं, लेकिन उनकी भाषा शत्रुता की नहीं, वैचारिक प्रतिस्पर्धा की होनी चाहिए। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र की शक्ति हैं, पर जब ये मतभेद व्यक्तिगत कटाक्ष, पारिवारिक टिप्पणियों और अपमानजनक शब्दों में बदलने लगते हैं, तब राजनीति का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होती है। भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस के अनेक नेताओं की आक्रामक टिप्पणियों और अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पटना में दिए गए विवादास्पद बयान ने एक बार फिर भाषाई मर्यादा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 25 अक्टूबर 2026 को पटना में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खड़गे की एक टिप्पणी राजनीतिक विवाद का कारण बन गई।

कार्यक्रम में उपस्थित एक व्यक्ति की टिप्पणी के जवाब में उन्होंने कहा, 'मोदी का बाप भी जाएगा।' इस बयान की भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने तीखी आलोचना की। दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस टिप्पणी को वैचारिक संदर्भ में समझाने का प्रयास किया। समाचारों के अनुसार संबंधित व्यक्ति ने भी बाद में कहा कि उसकी पूरी बात नहीं सुनी गई थी। इस घटनाक्रम के विभिन्न पक्ष अपनी-अपनी व्याख्या प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन विवाद से अलग एक बुनियादी प्रश्न अपनी जगह कायम है-क्या देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति विरोध जताने का यही तरीका होना चाहिए? खड़गे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और लंबे राजनीतिक अनुभव के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ऐसे व्यक्ति से सार्वजनिक मंच पर अधिक संयम और विवेक की अपेक्षा स्वाभाविक है। राजनीतिक सभा में कोई प्रतिकूल टिप्पणी हो जाए, तो उसका उत्तर तर्क, तथ्य और आत्मविश्वास से दिया जा सकता है। लेकिन जब जवाब व्यक्तिगत संबंधों और परिवार तक पहुंच जाए, तब मुद्दे की गंभीरता पीछे छूट जाती है और शब्दों का विवाद मुख्य समाचार बन जाता है। राजनीति में शब्द केवल वक्ता की तत्काल प्रतिक्रिया नहीं होते, वे उसकी सार्वजनिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक संस्कारों की भी परीक्षा लेते हैं। कांग्रेस की राजनीति में नरेंद्र मोदी को लेकर तीखे और विवादास्पद वक्तव्यों का इतिहास भी इस बहस को व्यापक संदर्भ देता है। वर्ष 2007 में सोनिया गांधी ने गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी के लिए 'मौत का सौदागर' शब्द का प्रयोग किया था। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मणिशंकर अय्यर की 'चायवाला' संबंधी टिप्पणी ने भी बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा किया। बाद के वर्षों में राहुल गांधी के 'चौकीदार चोर है' नारे ने राजनीतिक बहस को व्यक्तिगत आरोपों की दिशा में मोड़ा। इन बयानों के पीछे अपने-अपने राजनीतिक संदर्भ और वक्ताओं की दलीलें रही हैं, लेकिन इनका सार्वजनिक प्रभाव इस प्रश्न को सामने लाता है कि क्या किसी नेता की आलोचना उसके कामकाज तक सीमित रखी जा सकती है, अथवा उसे व्यक्तिगत उपहास का विषय बनाना आवश्यक समझा जाने लगा है? प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी मोदी और उनकी सरकार के विरुद्ध कई अवसरों पर तीखे राजनीतिक हमले किए हैं।

यह ध्यान रखना जरूरी है कि तीखी आलोचना अपने आप में अमर्यादित नहीं होती। सरकार की नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक सद्भाव, लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक निर्णयों पर कठोर सवाल उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब नीतिगत असहमति को व्यक्तिगत अपमान से जोड़ दिया जाता है और तर्क के स्थान पर कटाक्ष को राजनीतिक प्रभाव का माध्यम बनाया जाने लगता है। किसी नेता के प्रत्येक बयान को एक ही श्रेणी में रखना उचित नहीं, लेकिन बार-बार होने वाले विवादों से राजनीतिक भाषा के स्तर पर विचार करने की आवश्यकता अवश्य पैदा होती है। यहां कांग्रेस के सामने एक बड़ी चुनौती है। विपक्ष के रूप में उसकी सार्थकता इस बात से तय होगी कि वह जनता के जीवन से जुड़े प्रश्नों पर कितना प्रभावी विमर्श खड़ा करती है। किसानों की समस्याएं, युवाओं के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक असमानता और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर ठोस विकल्प प्रस्तुत करना उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि सार्वजनिक चर्चा बार-बार प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणियों तक सिमट जाती है, तो नीतिगत बहस पीछे छूटने का खतरा रहता है। इससे विपक्ष की आलोचना का वास्तविक आधार भी कमजोर पड़ सकता है। राजनीतिक विमर्श में मुद्दों की जगह व्यक्तियों को केंद्र में रख देने से लोकतंत्र को अपेक्षित लाभ नहीं मिलता।

# पेट्रोल के वैश्विक संकट के बीच भारत का मास्टरस्ट्रोक!

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत की ऊर्जा सुरक्षा के इतिहास में 26 अक्टूबर 2026 एक महत्वपूर्ण तारीख के रूप में सामने आया है।केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन करके 100 प्रतिशत तक एथेनॉल वाले ई100 ईंधन पर चलने वाले वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ कर दिया है।सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना में ई100 कोई 85 के साथ वाहन उत्सर्जन और परीक्षण संबंधी नियमों में शामिल किया गया है। इसका अर्थ है कि वाहन निर्माता अब निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुसार ई100 और अन्य उच्च एथेनॉल मिश्रणों पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का परीक्षण, प्रमाणन और बाजार में प्रवेश करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकते हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहूंगा कि,यह फैसला ऐसे समय आया है,जब पश्चिम एशिया में संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितताएं भारत सहित अनेक देशों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। हालांकि, यह कहना सही नहीं होगा कि दुनिया में तेल की भारी किल्लत होना निश्चित है। वास्तविक स्थिति संघर्ष की अवधि, तेल उत्पादक देशों की आपूर्ति, समुद्री परिवहन मार्गों और अंतरराष्ट्रीय बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगी। लेकिन एक बात स्पष्ट है,जो देशअपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए एक ही प्रमुख आयातित ईंधन पर निर्भर रहते हैं,वे अंतरराष्ट्रीय संकटों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

इसी चुनौती के बीच एथेनॉल भारत के लिए केवल वैकल्पिक ईंधन नहीं,बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता, कृषि आधारित उद्योग और परिवहन क्षेत्र में तकनीकी बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। साथियों बात अगर हम ई 20 से ई 100 तक:आखिर क्या बदल गया? इसको समझने की करें तो,भारत में पेट्रोल के साथ एथेनॉल मिलाने की व्यवस्था पहले से लागू है। ई 20 पेट्रोल में लगभग 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। भारत ने 2025 में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया था। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जानकारी के अनुसार,एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 में औसत मिश्रण क़रीब 19.24 प्रतिशत तक पहुंच गया था और 2025-26 में 20 प्रतिशत का स्तरहासिल किया गया। अब ई 100 की व्यवस्था इस दिशा में अगला कदम है। ई 100 का अर्थ लगभग शुद्ध एथेनॉल ईंधन है, जबकि ई 85 में लगभग 85 प्रतिशत एथेनॉल और शेष मुख्यतः पेट्रोल होता है।

## जरा हटके

# शर्मोंडा वायरस से संक्रमित होने का पहला मामला फ्रांस में दर्ज

फ्रांस में जानवरों में पाए जाने वाले शर्मोंडा वायरस से इंसान के संक्रमित होने का दुनिया का पहला मामला दर्ज किया गया है। इस वायरस से संक्रमित व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति पहले से ही एक गंभीर बीमारी से पीड़ित था और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्युनिटी बेहद कमजोर थी। फ्रांसीसी स्वास्थ्य और कृषि मंत्रालयों के अनुसार, मरीज में मृत्यु से पहले मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं देखी गई थीं, जिनका संबंध इस वायरस के संक्रमण से जोड़ा जा रहा है। हालांकि, फ्रांसीसी स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल आम जनता के लिए इससे कोई बड़ा स्वास्थ्य जोखिम नहीं है।

शर्मोंडा वायरस मुख्य रूप से मवेशियों को संक्रमित करने वाला वायरस है, जो खुन चूसने वाले मिज नामक छोटे उड़ने वाले कीड़ों के माध्यम से फैलता है। जब कोई मिज किसी संक्रमित जानवर का खून चूसता है, तो वह वायरस को अपने अंदर ले लेता है और फिर दूसरे जीव को काटकर उसे संक्रमित कर देता है। इस वायरस की पहचान सबसे पहले 1960 के दशक के मध्य में नाइजीरिया में हुई थी। इसके बाद अफ्रीका और जापान में केवल मवेशियों और अन्य जानवरों में ही इसके मामले देखे जाते रहे थे। आज से पहले यह माना जाता था कि शर्मोंडा वायरस इंसानों को प्रभावित नहीं करता है, इसलिए इंसानी शरीर में इसका मिलना वैज्ञानिकों के लिए भी अध्ययन का विषय बन गया है।

शुरुआती जांच के अनुसार, पूर्वी फ्रांस में साल 2026 की वसंत और गर्मियों की ऋतु के दौरान जानवरों में यह वायरस फैलने की सूचना मिली थी। माना जा रहा है कि मरीज को उसी दौरान किसी संक्रमित मिज ने काटा होगा, जिससे वायरस उसके शरीर में प्रवेश कर गया। जानवरों के मामले में अब तक इस वायरस के एक-दूसरे के सीधे संपर्क से फैलने के कोई सबूत नहीं मिले हैं, हालांकि गर्भवती पशु से उसके पेट में पल रहे बच्चे तक इसके पहुंचने की आशंका जताई जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मरीज की बेहद कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता इस संक्रमण और उसके घातक परिणामों की मुख्य वजह हो सकती है। फिलहाल जांच पूरी होने तक शर्मोंडा वायरस को ही मौत का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता।

## फोटो ऑफ द डे



फ्रांस के मर्सेली में तैनात पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रो।

## चिंतन-मनन

# प्रायश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार

यह ठीक है कि जिस समाज को लाभ पहुंचाये। समाज को व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है।

## स्वास्थ्य

# सर्दियों में रूखी, बेजान त्वचा को दमकाने करें ये प्रयोग

सर्दियों में त्वचा रूखी, बेजान और डल दिखने लगती है। ऐसे में एलोवेरा जेल सहित ये चीजें लगाकर सोने से सुबह आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो दिखता है। यहां जानें रात में क्या लगाने से आपकी स्किन चमकदार, सॉफ्ट और हेल्दी बन जाएगी।

**एलोवेरा जेल:** एलोवेरा जेल रातभर का एक नैचुरल मॉइस्चराइजर है, जो सूखी त्वचा में गहरी नमी भरकर उसे हेल्दी ग्लो देता है। चेहरे को हल्के फेसवॉश से साफ करें और पतली लेयर में एलोवेरा जेल लगाएं। इसे रातभर लगा रहने दें। सुबह उठकर चेहरा धोएं स्किन बेहद सॉफ्ट, ग्रेस और ग्लोइंग दिखेगी।

**विटामिन-ई तेल :** विटामिन-ई ऑयल त्वचा की गहराई तक जाकर उसे रिपेयर करता है और नेचुरल डीप ग्लो लाता है। कैप्सूल को फोड़कर 2-3 बूंद चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। यह खासकर ड्राई स्किन के लिए बेहद फायदेमंद है, क्योंकि यह त्वचा में नमी लॉक कर पूरे चेहरे को मुलायम और चमकदार बना देता है।

**घी :** घी सर्दियों में त्वचा को ग्लास जैसा ग्लो देने वाला एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। इसकी नैचुरल फैटी एसिड्स स्किन को गहराई से पोषण देते हैं और ड्रायनेस तुरंत दूर करते हैं। बस एक चुटकी घी लेकर चेहरे पर हल्का मसाज करें और 15 मिनट बाद टिश्यू से थोड़ा ब्लोट कर दें। रातभर स्किन इसे अच्छी तरह सोख लेती है, जिससे सुबह चेहरा मुलायम, चमकदार और ग्लोइंग दिखता है।

**रोजहिप ऑयल :** रोजहिप ऑयल रात में लगाने के लिए एक शानदार स्किन केयर ऑयल माना जाता है। यह त्वचा को नेचुरल ग्लो देता है, दाग-धब्बों को हल्का करता है और एंटी-एजिंग में भी बेहतरीन काम करता है।

## राज काज

### कैबिनेट के लिए खाली पदों की संख्या बढ़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बिना कुछ करे घटती चली जा रही है. लोकसभा की कुल संख्या के 15 फीसदी 81 मंत्री हो सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अभी कुल 69 मंत्री हैं. अभी 12 लेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है. मंत्रिमंडल का विस्तार बहुत दिन से लंबित पड़ा हुआ है. कुछ मंत्रियों से इस्तीफा मांगे जाने उन्होंने दिए नहीं. कुछ मंत्रियों के पद अपने आप खाली हो रहे हैं. मंत्रिमंडल का विस्तार कब होगा, इसी को लेकर दर्जन भर नेता प्रतीक्षा में हैं. दो मंत्रियों को राज्यसभा की टिकट नहीं मिली है. जल्द ही यह संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी. अब मंत्रिमंडल का विस्तार होगा या नहीं, इस बात की भी अटकलें शुरू हो गई हैं।

### मंत्रिमंडल विस्तार चर्चाओं में

परिसीमन बिल को लेकर सरकार चिंतित है. अब मंत्रिमंडल का विस्तार टल गया है. ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री का मानना है, परिसीमन बिल के बाद ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाए. परिसीमन बिल को पास कराने का मतलब है, तीन बिल संसद के दोनों सदनों में पास कराना. इसमें दो तिहाई बहुमत की जरूरत है. जिनको मंत्री बनना है, पहले वह बिल पास कराने में मदद करें, विशेष कर सहयोगी दलों के ऊपर यह दबाव डाला जा रहा है. सरकार को भय है, कहीं एनडीए के सहयोगी दल संसद में कोई खेल ना कर दें. भाजपा को अपनी ही पार्टी के अंदर से भी डर उत्पन्न हो गया है. कुछ सांसद मोदी और शाह के खिलाफ बगावत कर सकते हैं।

### डीएमके और शाह के बीच में सौदा नहीं पटा

परिसीमन बिल सरकार के गले में घंटी की तरह अटक गया है. सरकार ने समय- समय पर घंटी बजाकर इस मामले को सरकार की प्रतिष्ठा का विषय बना दिया है. गृहमंत्री अमित शाह डीएमके के 22 सांसदों के ऊपर बड़ा भरोसा कर रहे हैं. डीएमके कम से कम चार मंत्रियों के पद लेने के लिए अड़ी हुई है. इससे कम में डीएमके मान नहीं रही है. भाजपा के सामने समस्या है, यदि डीएमके को चार पद दिए, तो अन्य सहयोगी दल भाजपा के ऊपर दबाव बनाएंगे. ऐसे में सौदा पट नहीं पा रहा है. ईडी और सीबीआई भी अब मदद नहीं कर पा रही है कोई डर ही नहीं रहा है. डीएमके अलग-थलग पड़ी है. गुजरातियों की तरह नेगोशिएशन करने में तमिल भी बहुत मजबूत है यह बात शाह को अब समझ में आ रही है।

### एकनाथ शिंदे के 13 सांसद, दो मंत्री?

जब समय ठीक ना हो, तो जो आदमी कुछ बोलने की हिम्मत नहीं करता. वह भी जोर से बोलने लगता है, वही हाल महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे का है. 13 सांसदों की पार्टी अब एकनाथ शिंदे की बन गई है. 6 सांसद उद्धव ठाकरे ग्रुप के उनके साथ आ गए हैं. उन्होंने मोदी जी से कह दिया है, उन्हें कम से कम दो मंत्री पद चाहिए है. जितनों से एक कैबिनेट पद वह मांग रहे हैं. वह अपने बेटे श्रीकांत शिंदे को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनना चाहते हैं. इससे कम में वह नहीं मान रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी हलप्राम हैं, जिनके मुंह से पहले बोल नहीं फूटते थे. अब वह शाहों के साथ बात कर रहे हैं. यही समय की बलिहारी है।

## सुविचार

जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है, वह शक्तिमान होकर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है।

- रामप्रताप

विश्व के निर्माण में जिसने सबसे अधिक संघर्ष किया है और सबसे अधिक कष्ट उठाए हैं वह माँ है।

- हर्ष मोहन

## प्रसंगत

# महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर माँग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता। एक दिन दरवाजे पर किसी ने - 'माई! ओ माई!' पुकारते हुए आवाज लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया काँपते हाथ फैलाए खड़ी थी। उसने कहा, 'बेटा! कुछ भीख दे दे।' बुढ़िया के मुँह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, 'माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।' उस समय घर में कुछ खाने की चीज थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, 'बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।' पर बालक ने हठ करते हुए कहा - 'माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊँगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूँगा।' माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतार और कहा, 'लो, दे दो।' बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक खजाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफी नाम कमाया। एक दिन वह माँ से बोला, 'माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूँ।' उसे बचपन का अपना वचन याद था।

# भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ' पदयात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

इंदौर।

लोकतंत्र बचाओ – अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत भाजपा द्वारा 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से सुभाष नगर चौराहे से पाटनीपुरा चौराहे तक लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली जाएगी।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आलोक दुबे, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, चंदुराव



शिंदे, सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले सहित अन्य नेताओं ने आज दोपहर पदयात्रा मार्ग का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। सभी नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने पदयात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए। पदयात्रा का समापन पाटनीपुरा चौराहे पर सभा के साथ होगा। पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मध्य-प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी विष्णव देव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई बड़े नेता मंत्री और संगठन पदाधिकारी भी पदयात्रा में शामिल होंगे। पदयात्रा के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया की सत्यता के साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे नेरेटिव से भी अवगत कराया जाएगा। निरीक्षण में मीडिया प्रभारी वरुण पाल, विवेक सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी रितेश शर्मा, नितिन शर्मा, नागेश पंवार, पवन पंवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लेकिन विपक्ष के नेता, ईडी गठबंधन के सभी घटक दल अराजकता फैलाकर देश के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। देश की जनता जागरूक है, विपक्ष की इन हरकतों का मुँहतोड़ जवाब देगी। पदयात्रा में सभी समाज, कांग्रेस की देश तोड़ने की नीति, अराजकता फैलाने वाली नीतियों को उजागर करेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा के निमित्त भाजपा द्वारा विभिन्न समाजों, संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, खेल संगठनों, सामाजिक, एनजीओ, व्यापारी, उद्योगपतियों, एसोसिएशन बैठकें जारी है, 250 से अधिक सामाजिक संगठनों की परिसर बैठकें सम्पन्न हो चुकी है। पदयात्रा में शामिल होने के लिए विभिन्न समाजों, संगठन, व्यापारी संगठनों ने स्वयं अपने-अपने बैनरों के साथ शामिल होने की बात कही है।

## ठेकेदार ने धमकाया

इन्दौर। न्यू देवास रोड पर रहने वाले सुरेश पिता गेंदालाल पवार ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार राजेंद्र चौहान ने उसे काम नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कैस दर्ज किया है।

## झगड़ा करते 7 धाराए

इन्दौर। पलासिया पुलिस न बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र में आपस में झगड़ा करते हुए दिलीप सोनकर श्याम चौधरी मनोज सिसोदिया गोपाल वर्मा कमल राठौर और दो अन्य को गिरफ्तार क्या है।

**वीआईपी नंबरों की नीलामी शुरू**

# 0001 फिर तोड़ेगा रिकार्ड, पिछली बार 5.63 लाख में बिका था

इंदौर।

वीआईपी नंबरों की ऑनलाइन नीलामी एक बार फिर शुरू हो गई है। इस बार परिवहन विभाग ने नई MP09EC सीरीज के वीआईपी नंबर नीलामी के लिए उपलब्ध कराए हैं। इनमें 0001 नंबर को लेकर खास दिलचस्पी देखने को मिल रही है। फिलहाल इस नंबर के लिए एक दोपहिया वाहन चालक ने 20 हजार रुपये की बोली लगाई है। अब देखना यह होगा कि इस नंबर को कोई बाइक चालक अपने नाम करता है या कार का शौकीन इसके लिए बोली लगाता है।



दरअसल, 0001 नंबर की बेस प्राइस दोपहिया वाहन के लिए 20 हजार रुपये और कार के लिए एक लाख रुपये निर्धारित है। यदि इस नंबर के लिए दोपहिया और चारपहिया वाहन श्रेणी में दावेदार सामने आते हैं, तो संबंधित श्रेणी के नियमों के अनुसार बोली की प्रक्रिया पूरी होगी। एक से अधिक दावेदार होने पर सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को नंबर मिलता है। वहीं, यदि कोई दूसरा दावेदार सामने नहीं आता है तो दोपहिया वाहन के लिए यह नंबर 20 हजार रुपये की बेस प्राइस पर मिल सकता है। खास बात यह है कि इंदौर में कुछ समाह पहले ही 0001 नंबर 5.63 लाख रुपये में बिका था। उस नीलामी में इस नंबर को हासिल करने के लिए अच्छी-खासी रकम खर्च की गई थी। ऐसे में इस बार नई सीरीज में 0001 नंबर के लिए कितनी बोली लगती है, यह देखना दिलचस्प होगा। पूर्व में भी यह नंबर दो बार अपनी बेस प्राइस पर बिक चुका है। नीलामी में अन्य वीआईपी नंबरों के लिए भी दावेदार सामने आए हैं। वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 0007 नंबर के लिए एक आवेदक ने 50 हजार रुपये की बोली लगाई है, जबकि 0008 नंबर के लिए दो दावेदार हैं। 0009 नंबर के लिए भी 50 हजार रुपये की बोली लगी है। इसके अलावा 0011, 1111 और 9999 जैसे नंबरों के लिए भी आवेदन आए हैं।

# लोकतंत्र और संविधान में अधिकारों को लेकर परिचर्चा का आयोजन

इंदौर।

भारतीय संविधान सभा सामाजिक समाज अंतरराष्ट्रीय के तत्वावधान में प्रत्येक माह की 26 तारीख को आयोजित होने वाली संविधान परिचर्चा की श्रृंखला में सोमवार को इंदौर स्थित गांधी प्रतिमा पर लोकतंत्र एवं संविधान में निहित नागरिकों के अधिकार विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर मजदूर, दलित एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। परिचर्चा के दौरान पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कि देश के अनेक नागरिकों को संविधान में निहित अपने अधिकारों की पूरी जानकारी नहीं है। जागरूकता की कमी के कारण कई बार राजनीतिक दलों एवं अन्य संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली तथा मतदाता सूची से नाम काटे जाने और जोड़े जाने को लेकर उठ रही चिंताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नागरिकों को अपने संवैधानिक अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

इस अवसर पर सत्यशोधक समाज के राष्ट्रीय प्रभारी हुकुमचंद यादव ने संविधान के विभिन्न प्रावधानों, नागरिकों के मौलिक अधिकारों तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की भूमिका




के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी संजय खदीवाला, डॉ. सरदार सिंह कायस्थ, विनोद मेहरा, युसुफ अली, विजय मेहरा, प्रवीण सूर्यवंशी, आर.एन. बौरासी, कपिल सिंह चौहान, विजय नाथ, दीपक साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अशोक नालिया ने किया। अंत में भारतीय संविधान सभा सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय के रानू मलोरिया (दीपक) ने उपस्थित सभी लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# फर्जी लिंक और मोबाइल हैक कर साइबर अपराधियों ने दिया वारदातों को अंजाम

इंदौर।

शहर के साथ-साथ अब ग्रामीण अंचलों में भी साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामलों में इंदौर जिले के सिमरोल और किशनगंज थाना क्षेत्रों से साइबर ठगी की पांच बड़ी घटनाएं प्रकाश में आई हैं। शातिर ठगों ने कभी फर्जी लिंक भेजकर तो कभी मोबाइल हैक कर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाला है। सभी मामलों में पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मोहम्मद वकार (मूल निवासी जम्मू-कश्मीर, हाल मुकाम सिमरोल) ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने एक फर्जी लिंक के जरिए ओटीपी हासिल कर उनके खाते से ऑनलाइन 1 लाख रुपए निकाल लिए। इसी प्रकार फरियादी आयुष गोयल (मूल निवासी जयपुर, हाल मुकाम सिमरोल) को भी ठगों ने एक गलत लिंक भेजकर शिकार बनाया और उनके खाते से 72,000 रुपए ऑनलाइन उड़ा लिए। वहीं फरियादी सुनील सोलंकी (निवासी सिमरोल) का अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल हैक कर लिया और खाते से 60,000 रुपए अवैध रूप से ट्रांसफर कर लिए। फरियादी दिलीप द्विवेदी (निवासी विश्वास नगर) ने पुलिस को बताया कि 18 अक्टूबर को अज्ञात आरोपी ने उनके बैंक खाते से सेंध लगाकर 55,000 रुपए ऑनलाइन निकाल लिए। इसी प्रकार राधेश्याम ठाकुर (निवासी कॉसमॉस कॉलोनी किशनगंज) के खाते से 13 अक्टूबर को अज्ञात बदमाशों ने 80,000 रुपए पार कर दिए।

# महिला मित्र के फ्लैट में संदिग्ध हालात में मिला बिजली कर्मचारी का शव

इंदौर। गांधीनगर थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला मित्र के बंद फ्लैट में बिजली विभाग के कर्मचारी का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स मौके पर पहुँचे। मृतक निर्मल राजपूत के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शुरुआती डॉक्टरी जांच के अनुसार मौत लगभग 12 घंटे पहले होने की संभावना है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित महिला मित्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक निर्मल राजपूत निवासी एरोड्रम बिजली विभाग में कर्मचारी था। बताया जाता है कि पिछले कुछ समय से राजकमल रेजिडेंसी स्थित महिला मित्र के फ्लैट पर आता-जाता था। पड़ोसियों और स्थानीय लोगों ने फ्लैट से संदिग्ध गतिविधियों या सन्नाटे के बाद पुलिस को सूचना दी (या महिला द्वारा जानकारी सामने आई)। जब पुलिस दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुई, तो कमरे का नजारा देखकर दंग रह गई। बिजली कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ था।

**पड़ताल में सामने आया घटनाक्रम सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**

# दूसरी बार टर्मिनल में घुसकर की थी ताई से अभद्रता

इंदौर।

इंदौर एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के साथ कथित अभद्रता के मामले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मनोज नाम का यात्री पहली बार हंगामा करने के बाद एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया था। इसके बाद वह कथित तौर पर उसी बोर्डिंग पास के जरिए दोबारा टर्मिनल में प्रवेश कर गया। बताया जा रहा है कि उस समय उसकी फ्लाइट रवाना हो चुकी थी। फिर भी उसे प्रवेश दे दिया गया । जानकारी के अनुसार, मनोज अपने दोस्तों के साथ गोवा जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। देर से पहुंचने के कारण उसके दोस्त फ्लाइट में सवार हो गए, जबकि बोर्डिंग गेट बंद होने से उसे विमान में प्रवेश नहीं मिल सका। बताया जा रहा है कि वह नशे की हालत में था और इस दौरान हंगामा करने लगा। इसके बाद उसे



एयरपोर्ट से बाहर कर दिया गया। लेकिन पुलिस को सूचना नहीं दी गई। सूत्रों के मुताबिक मामले का अहम पहलू यह है कि पहली घटना के बाद मनोज दोबारा टर्मिनल में कैसे पहुंचा। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, उसने उसी बोर्डिंग पास का इस्तेमाल किया था। ऐसे में प्रवेश द्वार पर बोर्डिंग पास की जांच की प्रक्रिया और पहली घटना के बाद संबंधित सुरक्षा कर्मियों के बीच सूचना के आदान-प्रदान की पड़ताल जरूरी है। दोबारा टर्मिनल में प्रवेश करने के बाद मनोज की मुलाकात सुमित्रा महाजन से हुई। आरोप है कि उसने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना की जानकारी मिलने पर उसे फिर बाहर कर दिया गया। लेकिन फिर भी उसे पुलिस को नहीं सौंपा गया। इस घटनाक्रम ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल एयरपोर्ट प्रबंधन इस मामले में कुछ नहीं कह रहा है ।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर चला रहे थे फर्जी खाता, दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर।

राज्य में लगातार पैर पसार रहे साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार ऑपरेशन मैट्रिक्स 2.0 चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में परदेशीपुरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त होने वाले म्यूल बैंक खाते का खुलासा किया है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 4 बैंक खातों की किट (पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड) जब्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार I‌yC (गृह मंत्रालय) पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध खातों की जांच के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा क्लर्क कॉलोनी परदेशीपुरा के एक खाते का खुलासा हुआ। जांच में पाया गया कि इस खाते के तार मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में दर्ज साइबर अपराध की शिकायतों से सीधे जुड़े हुए हैं। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी दिव्यांश वर्मा ने खुलासा किया कि



वह क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग का काम करता था और आईटीआर फाइल करता था। वह अपने साथी रौनक उर्फ सतीश कुमार के कहने पर अपने बैंक खाते में धोखाधड़ी की रकम प्राप्त करता था। इसके एवज में उसे 4 प्रतिशत कमीशन मिलता था और बाकी बची पूरी राशि वह अपने साथी रौनक को दे देता था। पुलिस ने आरोपी दिव्यांश के पास से घटना में प्रयुक्त पासबुक और एटीएम कार्ड के साथ-साथ उसके नाम पर संचालित 03 अन्य बैंक खातों की चेकबुक, पासबुक व डेबिट कार्ड भी जब्त किए हैं।

# रवि बनकर दुष्कर्म करने वाला जुनैद गिरफ्तार

## 4 साल के मासूम बच्चे के साथ भी किया कुकर्म

इंदौर।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में पहचान छिपाकर एक महिला के साथ धोखाधड़ी, दुष्कर्म और उसके 4 वर्षीय मासूम बेटे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद का नाम रवि बताकर महिला को प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक शारीरिक शोषण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार (25 अक्टूबर की रात पीड़िता की लिखित शिकायत पर एरोड्रम थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी जुनैद को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित महिला (मूल निवासी अन्नपूर्णा क्षेत्र) के अनुसार, वर्ष 2015 में राजवाड़ा में खरीदारी के बाद घर लौटने के दौरान उसकी मुलाकात ऑटो चालक से हुई। आरोपी ने अपना नाम %रवि% (निवासी नरसिंह बाजार) बताया और अपनी असली मुस्लिम पहचान छिपाकर महिला से संपर्क बढ़ाया। उसने महिला को शादी का झांसा दिया और कालानी नगर, चंदन नगर, जूना रिसाला और महावर नगर में किराए के मकान लेकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में जब वह गर्भवती हुई और उसने शादी के लिए दबाव बनाया, तब आरोपी ने खुलासा किया कि उसका नाम रवि नहीं बल्कि जुनैद है। आरोपी ने पीड़िता के पहचान पत्र व दस्तावेजों में भी फर्जीवाड़ा कर नाम बदलवाने का प्रयास किया। शिकायत में पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी जुनैद ने घर पर उसके 4 साल के मासूम बेटे के साथ अप्राकृतिक कृत्य (कुकर्म) किया। बच्चे ने खुद इस घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके अलावा आरोपी महिला और बच्चे के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकियां भी देता था।

# सिरफिरे युवक ने नाबालिग को डराया, भाइयों को ड्रग्स केस में फंसाने की दी चेतावनी

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक सिरफिरे युवक ने बातचीत बंद करने से नाराज होकर 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को न केवल जान से मारने की धमकी दी, बल्कि उसके भाइयों को ड्रग्स के झूठे मामले में फंसाने की भी साजिश रच डाली। पीड़िता की शिकायत और परिजनों के सहयोग से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला बाणगंगा थानातर्गत भागीरथपुरा इलाके का है। पीड़ित किशोरी (परिवर्तित नाम सिमरन, 16 वर्ष) ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात भागीरथपुरा के ही रहने वाले निहार नामक युवक से लगभग दो महीने पहले हुई थी। दोनों की आपस में बातचीत और मिलना-जुलना था। हालाकि, कुछ समय बाद किसी वजह से सिमरन ने निहार से दूरी बना ली और उससे बातचीत करना पूरी तरह बंद कर दिया। बातचीत बंद होने से तिलमिलाया आरोपी निहार लगातार किशोरी पर बातचीत करने का दबाव बनाने लगा और उसे मानसिक रूप से परेशान करने लगा पीड़िता अपने घर की छत पर कपड़े उठाने गई थी। इसी दौरान पड़ोस की छत पर मौजूद आरोपी निहार उसे देखकर आगबबूला हो गया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए खौफनाक धमकियां देने लगा। निहार ने खुलेआम कहा– अगर तूने मुझसे दोबारा बात नहीं की तो तुझे जान से मार डालूंगा और तेरे भाइयों को ड्रग्स के झूठे केस में ऐसा फंसाऊंगा कि जिंदगी भर जेल में रहेंगे। इस धमकी से डरी-सहमी किशोरी तुरंत नीचे आई और अपनी आपबीती अपने परिजनों को सुनाई।

# दर्शन कर लौट रहे कारोबारी की तेज रफ्तार मिनी ट्रक की टक्कर से मौत

इंदौर।

खुड़ैल थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल देवगुराड़िया मंदिर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मंदिर में दर्शन कर अपने दोपहिया वाहन से घर लौट रहे एक 35 वर्षीय शेयर कारोबारी को तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया, हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक के क्लीनर को पकड़ लिया गया है। पुलिस से मिली शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अनंत भंडारी (35) के रूप में हुई है, जो पेशे से एक शेयर कारोबारी थे। वह देवगुराड़िया स्थित मंदिर में दर्शन करने के लिए गए थे। दर्शन करने के पश्चात वह अपनी एक्टिवा पर सवार होकर वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक बेलगाम मिनी ट्रक ने उनकी एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया और जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनंत भंडारी अपनी एक्टिवा समेत अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरे और सीधे मिनी ट्रक के पिछले पहिये के नीचे आ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास मौजूद राहगीर फौरन मदद के लिए दौड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद मिनी ट्रक का चालक घबराने के बजाय मौके से गाड़ी भगा ले गया। चालक ने घटना स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर जाकर ट्रक को लावारिस हालत में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया।

# दिवाली पर 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़े मिठाई-नमकीन के दाम , 1200 रुपए किलो तक पहुंची काजू कतली

इंदौर।

दीपावली पर इस बार मिठाई और नमकीन से मुंह मीठा करना महंगा पड़ेगा। पिछले साल की तुलना में शहर में मिठाई और नमकीन की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। कच्चे माल से लेकर मिठाई की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले बॉक्स और थैलियों तक के दाम बढ़ने से कारोबारियों की लागत बढ़ गई है। इसका असर अब सीधे मिठाई और नमकीन की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। काजू कतली से लेकर मावे की मिठाइयों और नमकीन तक के दाम बढ़ गए हैं। हालांकि, कारोबारियों को उम्मीद है कि कीमतों में बढ़ोतरी का असर दीपावली के दौरान होने वाली बिक्री पर नहीं पड़ेगा।

इंदौर नमकीन-मिठाई एसोसिएशन के सचिव अनुराग बोथरा ने बताया कि



पिछले कुछ समय से कच्चे माल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इसका असर कारोबारियों के मार्जिन पर पड़ने लगा था। रक्षाबंधन से पहले ही लागत बढ़ने के कारण मुनाफा कम हो गया था, लेकिन त्योहार को देखते हुए कारोबारियों ने उस समय मिठाइयों के दाम नहीं बढ़ाए। अब दीपावली के मद्देनजर बढ़ी हुई लागत के कारण कीमतों में इजाफा करना पड़ा है। शहर के कारोबारियों ने अपनी लागत के हिसाब से मिठाई और नमकीन के दाम बढ़ा दिए हैं। कीमतों में बढ़ोतरी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल तक करीब 900 रुपए किलो मिलने वाली काजू कतली अब 1100 से 1200 रुपए किलो तक बिक रही है। इसी तरह मावे से बनने वाली मिठाइयों के दाम भी बढ़े हैं।

पहले करीब 500 रुपए किलो मिलने वाली मावे की मिठाइयों की कीमत अब 600 से 650 रुपए किलो तक पहुंच गई है। नमकीन के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल 240 से 260 रुपए किलो मिलने वाली नमकीन की कीमत अब 300 से 350 रुपए किलो तक हो गई है। कारोबारियों का कहना है कि दीपावली मिठाई और नमकीन की बिक्री का सबसे बड़ा सीजन है।

**दूध, मावा, शक्कर, ड्राई फ्रूट से लेकर गैस और पैकिंग मटेरियल तक महंगा, पिछले साल के मुकाबले इस बार जेब पर पड़ेगा ज्यादा भार**

### इन चीजों के भी बढ़ गए दाम

| सामग्री | पहले का रेट | अभी का रेट |
|---|---|---|
| दूध | 62 रुपए | 70 रुपए |
| घी | 550 रुपए | 660 रुपए |
| शक्कर | 55 रुपए | 72 रुपए |
| गैस सिलेंडर | 1800 रुपए2900 रुपए | |
| पैकिंग बॉक्स | 12 रुपए | 18 रुपए |
| थैली | 3 रुपए | 7 रुपए |

*जानकारी: मिठाई विक्रेताओं के अनुसार।*

## दूध से लेकर पैकिंग बॉक्स तक महंगे

एक अन्य मिठाई दुकान संचालक राजेंद्र धनविजय ने बताया कि मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाले दूध, शक्कर और ड्राई फ्रूट्स के दाम बढ़ने से उत्पादन लागत में इजाफा हुआ है। इसके अलावा मिठाई की दुकानों और निर्माण इकाइयों में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। जिन कारोबारियों के यहां पीएनजी कनेक्शन है, उन्हें भी गैस के बढ़े हुए दामों का सामना करना पड़ रहा है। पैकिंग पर होने वाला खर्च भी बढ़ गया है। मिठाई के डिब्बों और ग्राहकों को सामान देने के लिए इस्तेमाल होने वाली थैलियों की कीमतें बढ़ने से कारोबारियों की कुल लागत में और इजाफा हुआ है। ऐसे में कीमतें बढ़ाना मजबूरी बन गया है।

### सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एपीसी समूह की समीक्षा

# कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की पूर्ति पर जोर

**नीमच।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय एपीसी समूह की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं, निर्धारित लक्ष्यों तथा विभागीय प्रगति की समीक्षा की गई।

सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति करने के निर्देश दिए। कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने पर जोर- जिले में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को इनके प्रति जागरूक करने पर चर्चा की गई।



सीईओ जिला पंचायत ने उपसंचालक कृषि को इस दिशा में आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर किसानों तक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। उर्वरक उपलब्धता एवं सूक्ष्म सिंचाई की समीक्षा- बैठक में जिले में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की गई।

संबंधित अधिकारियों ने जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध होने की जानकारी दी।

इसके साथ ही जल संरक्षण एवं सिंचाई दक्षता बढ़ाने के लिए ड्रिप, स्प्रिंकलर तथा प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के उपयोग की जानकारी ली गई और इनके प्रभावी उपयोग के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एग्री स्टैक फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति बढ़ाने के निर्देश- एग्री स्टैक के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पंजीयन कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पीएमएफएमई योजना से प्रत्येक ग्राम पंचायत को जोड़ने पर जोर- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा के दौरान उद्यानिकी विभाग को प्रत्येक ग्राम पंचायत से कम से कम एक आवेदन तैयार कर बैंक को प्रेषित कराने के निर्देश दिए गए। योजना से पहले से लाभान्वित किसानों को प्रोत्साहित करने तथा नए हितग्राहियों को जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

### जरुरतमंदो को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया



**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा मंदसौर कोटियानि निवासी श्रीमती जमना बाई को उनके पति के उपचार के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। जमना बाई को उनके पति शंकर सिंह की गंभीर बीमारी के उपचार के लिए रेड क्रॉस से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी भी उपस्थित रही।



### प्रस्फुटन समितियों की क्षमता संवर्धन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**देवास।**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत सेक्टर सिंघाड़ा के ग्राम बांगर में प्रस्फुटन समितियों की क्षमता संवर्धन को लेकर एक दिवसीय शक्ति संचय कार्यशाला पंचायत भवन बांगर में आयोजित की गई। कार्यशाला में अतिथि के रूप में जिला महामंत्री कपिल सिंह पवार एवं माध्यमिक शिक्षिका मंत्री श्री जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ नवांकुर संस्था उमा उज्ज्वल महिला मंडल समिति द्वारा अतिथियों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। परामर्शदाता सचिन पंचोली ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यों एवं उद्देश्यों से परिचित कराया। नीलम सोनी ने भी जन अभियान परिषद की भूमिका और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों को संगठित एवं सक्रिय बनाने, सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति तथा शासन द्वारा संचालित रोजगारमूलक कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। अतिथि कपिल सिंह पवार ने आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होने तथा जीवन में उसके महत्व पर विचार व्यक्त किए।


## »न्यूज ब्रीफ

### संविधान की रक्षा के लिए श्रमिक एकता जरूरी



**देवास।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन, जिला इंदौर के द्वितीय जिला सम्मेलन में देवास से महेश राजपूत एवं रामचंद्र गुर्जर ने अपने साथियों के साथ सहभागिता की। सम्मेलन अभिनव कला समाज, गांधी हॉल, इंदौर में संपन्न हुआ। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता आदरणीय श्री बाबूलाल नागर साहब ने किया।

### कचरा वाहन शाखा के मजदूरों को हर माह वेतन देने की मांग



**देवास।** नगर निगम की कचरा वाहन शाखा में कार्यरत मजदूरों को समय पर वेतन नहीं मिलने की समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आरबी भाई पटेल ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आवेदन सौंपा। उन्होंने मजदूरों को प्रतिमाह वेतन दिलाने और भुगतान की व्यवस्था नगर निगम के माध्यम से कराने की मांग की। आवेदन में बताया कि नगर निगम की कचरा वाहन शाखा में कार्यरत मजदूरों को नियमित रूप से वेतन नहीं दिया जाता है। कई बार दो से तीन माह तक वेतन का भुगतान नहीं होने से मजदूरों और उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विद्यालय आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर संपन्न

**नीमच।** आयुष विभाग के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय पिपलियाराव्जी द्वारा मंगलवार को माध्यमिक विद्यालय बर्डिया जागीर में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर में बच्चों में श्वास संबंधी समस्याओं,खांसी, चर्म रोग, दंत एवं मुख रोग, कान-नाक-गला संबंधी समस्याओं, अग्निमांद्य, अरुचि, उदर रोग तथा अन्य मौसमी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही बच्चों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

### मंडल अध्यक्ष नियुक्त सुभाष मालवीय का भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत



**देवास।**

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव की सहमति एवं विधायक मनोज चौधरी की अनुशंसा पर सुभाष मालवीय को हाटपीपल्या ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुभाष मालवीय को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सुभाष मालवीय की नियुक्ति पर हाटपीपल्या ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव कांवड़िया, धर्मेंद्र सिंह अमलाताज सहित सभी मित्रों ने बधाई दीं।

### गंगा पूजन व सामूहिक विवाह के आयोजन की घोषणा

## पगड़ी कार्यक्रम के दौरान परिवार ने की समाज हित में, निःशुल्क विवाह का होगा आयोजन

**खरगोन।**

स्वर्गीय कृष्णलाल बंकटलाल भावसार की स्मृति में रविवार को आयोजित पगड़ी कार्यक्रम के दौरान उनके बेटे नीलेश भावसार व परिवार द्वारा भावसार क्षत्रिय समाज के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। परिवार की ओर से समाज के सभी परिवारों के लिए सामूहिक गंगा पूजन कार्यक्रम की निःशुल्क व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। गंगा पूजन के इच्छुक परिवार अपना नाम भावसार क्षत्रिय समाज खरगोन संचालक मंडल के पास दर्ज करा सकते हैं। श्रद्धालुओं को केवल माँ गंगा व पूजा की थाली साथ लानी होगी, शेष समस्त व्यवस्थाएं आयोजक परिवार द्वारा की जाएंगी उल्लेखनीय है कि समाज सेवा में अग्रणी स्व. कृष्णलाल भावसार शासकीय सेवा में भी सक्रिय रहे। वे सन् 1982 से एक्साइज विभाग में और 1992 से 2015 तक



आरटीओ विभाग में कार्यरत रहे। इसके अलावा उनके द्वारा पूर्व में खरगोन, कुक्षी, सुसारी, डही, अंजड़ व खंडवा में हिंगलाज जयंती पर संपूर्ण समाज के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही नीलेश भावसार व परिवार द्वारा पूर्व से ही खरगोन में आयोजित प्रत्येक सामूहिक विवाह में कन्यादान दिया जाता रहा है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ शत-प्रतिशत का पंजीयन सुनिश्चित करें

**आगर मालवा।** जिले की सभी एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आपसी समन्वय एवं संवाद के साथ कार्य करें और गर्भवती महिलाओं के पंजीयन के समय ही पोषण ट्रेकर एप्प पर गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं टीकाकरण का पंजीयन सुनिश्चित करें। महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के कव्हरेज से कोई भी गर्भवती महिला शेष न रहे, सभी का पंजीयन सुनिश्चित कर उन्हें विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### श्रम पदाधिकारी की नियुक्ति की मांग

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने देवास में नियमित श्रम पदाधिकारी की नियुक्ति की मांग करते हुए श्रम विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन की श्रम आयुक्त राखी को देवास श्रम पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में सेवानिवृत्त अधिकारी आरसी रजक किस आधार पर श्रमिकों और प्रबंधन से संबंधित फाइलों पर कार्रवाई कर रहे हैं, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। गायकवाड ने कहा कि दीपावली के त्योहार पर संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बोनस और उपहार दिलाने से संबंधित कार्रवाई महत्वपूर्ण है। ऐसे में श्रम पदाधिकारी की अनुपस्थिति के कारण इस प्रक्रिया के प्रभावित होने की आशंका है। श्रमिकों को समय पर उनका लाभ मिले, इसके लिए श्रम विभाग में नियमित अधिकारी की नियुक्ति आवश्यक है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की कि देवास में शीघ्र श्रम पदाधिकारी की नियुक्ति की जाए, ताकि श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय बना रहे। सेवानिवृत्त अधिकारी आरसी रजक को श्रम पदाधिकारी कार्यालय से तत्काल हटाने की मांग भी की।

### शाजापुर के सरकारी स्कूल पहुंचा कौशल रथ

## छात्रों को एआई, डिजिटल कौशल और रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण की जानकारी




**शाजापुर।**

शाजापुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कौशल मंथन शिविर 2026 और कौशल विकास यात्रा 2026 के तहत कौशल रथ पहुंचा। शाजापुर की इस पहल में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिजिटल कौशल और रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमेन्द्र यादव ने छात्रों को आधुनिक तकनीक अपनाने और कौशल विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शाजापुर के सेंटर हेड और उज्जैन क्षेत्रीय कार्यालय से विकास त्यागी भी मौजूद रहे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में के प्रति जागरूकता बढ़ाना, डिजिटल दक्षता को बढ़ावा देना और भविष्य में रोजगार के अवसरों की जानकारी देना है। कौशल विकास यात्रा 2026 के जरिए प्रदेश के युवाओं तक कौशल विकास, डिजिटल सशक्तिकरण और आधारित अवसरों की जानकारी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### भूमि सीमांकन फिर सीमा चिन्ह हटाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए- डॉ. मीना

**देवास।**

राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा विधिवत् मौके पर जाकर उभयपक्षों के समक्ष भूमि का सीमांकन करने के बाद भी सीमा चिन्ह हटाकर सीमांकन आदेश का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम आक्या तहसील बड़ौद निवासी गोकुल बागरी के आवेदन पर सुनवाई करते हुए नायब तहसीलदार झोंटा को दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त आवेदक की समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और यह भी सुनिश्चित करे कि उक्त आवेदक को दोबारा जनसुनवाई में न



आना पड़े। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर मिलिन्द ढोके सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम पचेटी की राजूबाई एवं नलखेड़ा के कन्हैयालाल ने भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने, गुदरावन की सोनीबाई ने भूमि पर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण में अवरोध पैदा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, मोड़ी के राहुल पिता रामलाल ने अनुकंपा नियुक्ति लिये आवेदन प्रस्तुत किया।

### ई-रिक्शा किराया बढ़ाने की मांग, बजरंग ई-रिक्शा यूनियन ने कलेक्टर को सौंपा

**देवास।**

शहर में बढ़ती महंगाई को देखते हुए बजरंग ई-रिक्शा यूनियन ने ई-रिक्शा का किराया बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में यूनियन अध्यक्ष शिवाजीराव पंवार के नेतृत्व में मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर बताया कि वर्तमान में ई-रिक्शा में एक स्टॉप से दूसरे स्टॉप तक प्रति व्यक्ति 10 रुपये किराया लिया जा रहा है।

इस राशि में यात्री लगभग शून्य से सात किलोमीटर तक का सफर करते हैं। बढ़ती महंगाई और वाहन संचालन के खर्च को देखते हुए किराया बढ़ाना आवश्यक हो गया



है, ताकि ई-रिक्शा चालकों के परिवारों का भरण-पोषण सुचारू रूप से हो सके और आम जनता को भी परिवहन की सुविधा मिलती रहे।

यूनियन ने विभिन्न मार्गों पर किराया बढ़ाकर 20 रुपये करने का प्रस्ताव रखा है।

### हत्या का मामला दर्ज करने की मांग, पीड़ित परिवारों ने तस्वीरें लेकर मांगा न्याय

## जहरीली शराब कांड : जीतू पटवारी ने दी पैदल यात्रा की चेतावनी

**देवास।**

चंदाना में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने जहरीली शराब कांड के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज



करने की मांग की। पटवारी ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर इंदौर और उज्जैन से 50 हजार लोगों को जुटाकर देवास से उज्जैन तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर दोहरी बैरिकेडिंग की थी। इसके बावजूद आक्रोशित कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और मुख्य सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन में जहरीली शराब से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन और छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हुए। परिजन अपने हाथों में मृतकों की तस्वीरें लेकर न्याय की गुहार लगाते नजर आए।

करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। जीतू पटवारी ने कहा कि जब जहरीली शराब पीने से लोगों की जान गई है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 45 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण होगा शुरू



**देवास।**

शासन-प्रशासन की मंशा को साकार करने और ग्रामीण क्षेत्र की मातृशक्ति को कौशल विकास से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मातृशक्ति महिला एवं बाल विकास प्रशिक्षण केंद्र एवं कार्यशाला देवास के अंतर्गत आयुषी सिलाई एवं ब्यूटीक ट्रेनिंग सेंटर द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में 11 नवंबर 2026 से 45 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में महिलाओं को सभी प्रकार की सिलाई, कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद जो महिलाएं घर पर ही सिलाई कार्य करना चाहती हैं, उन्हें रेडीमेड सिलाई एवं बुटीक का कार्य भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर और मजबूत हो सके।

### सर्वांगीण विकास और प्रशासनिक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 8 हजार 225 करोड़ रुपये की स्वीकृति

# सिवनी, दमोह की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3,378 करोड़ 69 लाख रूपये की स्वीकृति

**रतलाम।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और प्रशासनिक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 8 हजार 225 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं एवं वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य में कृषि विस्तार और जल संसाधन प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए छिंदवाड़ा, मुरैना और सागर जिलों की वृहद सिंचाई परियोजनाओं के लिए वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतर संचालन के लिए 3,378 करोड़ 69 लाख रुपये की मंजूरी दी गई जिससे व्यापक स्तर पर सिंचाई क्षमता का विस्तार होगा।

मंत्रि-परिषद ने पर्यावरण संरक्षण एवं क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्यों को गति देने के लिए प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि (कैम्पा) से 2,050



करोड़ 3 लाख रुपये के उपयोग का अनुमोदन किया गया। जन-स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध रखने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1,743 करोड़ 58 लाख रुपये तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं के लिए 651 करोड़ 25 लाख रुपये का अनुमोदन दिया गया है। प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के क्रम में नवगठित जिलों-निवाड़ी, मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना, नवीन पदों के सृजन, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के सुचारू संचालन तथा नागरिक आपूर्ति निगम से जुड़े उपार्जन संबंधी प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद ने छिंदवाड़ा, मुरैना और सागर की सिंचाई परियोजनाओं के वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरन्तर संचालन के लिए 3,378 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। स्वीकृति अनुसार छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के लिए 2,611 करोड़ 13 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना का मुख्य उद्देश्य छिन्दवाड़ा जिले के 1,90,500 हेक्टेयर में सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप/स्प्रिंकलर) के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुँचाना है। इसके साथ ही पेंच व्यपवर्तन (वृहद) परियोजना की निरंतरता के लिए 197 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए है। इसका मुख्य उद्देश्य बांध निर्माण कर छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों में कृषि के लिए पानी की आपूर्ति करना है। योजना का उद्देश्य छिंदवाड़ा जिले के 1,26,647 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित करना है। मुरैना जिले में चेंटीखेड़ा वृहद सिंचाई परियोजना अन्तर्गत बांध निर्माण कर जिले के 15.300 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रणाली का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। चेंटीखेड़ा वृहद सिंचाई परियोजना की निरंतरता के लिए 531 करोड़ 15 लाख रूपये स्वीकृत किए गए है। सागर में पंचमनगर सिंचाई कॉम्प्लेक्स एक वृहद सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना अन्तर्गत पगरा बांध एवं पंचमनगर बैराज का निर्माण किया जा चुका है। पगरा बांध से पाइप प्रणाली के माध्यम से सागर एवं दमोह जिले की 25,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जाना है।

## »न्यूज ब्रीफ

### सीईओ डॉ. जैन ने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन स्थलों का किया निरीक्षण



उज्जैन। उज्जैन स्मार्ट सिटी सीईओ डॉ. नेहा जैन द्वारा मंगलवार को CITIIS 2.0 परियोजना के अंतर्गत आगामी सिंहस्थ महापर्व में आने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुविधाओं तथा प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ डॉ. जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े सभी आवश्यक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि सिंहस्थ के दौरान उत्पन्न होने वाले कचरे के वैज्ञानिक संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्थल चयन, आवश्यक आधारभूत संरचना एवं कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। सीईओ डॉ. जैन ने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रस्तावित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन शहर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे।

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया



उज्जैन। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस का प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। इसी निर्देश के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में स्थित जिला ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः कार्यरत पाए गए। वेयरहाउस के ताले सीलबंद स्थिति में पाए गए। साथ ही वेयरहाउस की सुरक्षा हेतु 24 घंटे तैनात सुरक्षा कर्मी अपने निर्धारित कर्तव्य पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण में समस्त सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में पहुंचा पीड़िता किसान लगाई गुहार

# सोयाबीन की फसल खराब होने के बावजूद राहत राशि आज तक नहीं मिली

उज्जैन।

मंगलवार को सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन स्थित कलेक्टर सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिलेभर से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर तत्काल उचित कार्रवाई करने तथा निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा एवं एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर ने आवेदकों की



समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में महिदपुर तहसील के ग्राम बालोदा निवासी बद्रीलाल पिता कालूजी ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वर्ष 2025 में सोयाबीन की फसल खराब होने के बावजूद उन्हें राहत राशि प्राप्त नहीं हुई है। अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने प्रकरण को तत्काल एसडीएम महिदपुर को भेजते हुए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उज्जैन तहसील के ग्राम हमीरखेड़ी निवासी दिनेश पिता राधेश्याम पटेल ने शिकायत प्रस्तुत की कि उनके घर के सामने स्थित मार्ग पर गांव के कुछ लोगों द्वारा गोबर एवं भूसा डालकर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रकरण के निराकरण के लिए एसडीएम ग्रामीण को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

महिदपुर तहसील के ग्राम चौरासा निवासी गोरधन सिंह पिता धुलसिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि तहसीलदार न्यायालय द्वारा घर के सामने रास्ते से अवैध कब्जा हटाने के आदेश दिए जाने के बावजूद हल्का पटवारी द्वारा कार्रवाई नही की गई। वहीं राजेंद्र पिता स्वर्गीय मांगीलाल हिरवे, निवासी श्रीकृष्ण कॉलोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन ने ग्राम जवासिया सोंलकी, तहसील महिदपुर स्थित उनकी स्वामित्व की भूमि से कब्जा हटाने के आदेश के बावजूद कार्रवाई नही होने की शिकायत की। दोनों प्रकरणों में संबंधितहसीलदारों को नियमानुसार कार्रवाई कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में श्रीमती श्यामा बाई पति रमेशचंद्र, निवासी उन्हेल ने आवास योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया। वहीं ग्राम डेलची बुजुर्ग, तहसील महिदपुर निवासी रामलाल पिता लक्ष्मण जी ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

#### नल जल योजना में नहीं मिला कनेक्शन

घट्टिया तहसील के ग्राम बिछड़ौद खालसा निवासी डालवंद पिता फूलचंद जैन ने नल-जल योजना के तहत आवेदन करने के बावजूद नल कनेक्शन नही दिए जाने की शिकायत की। वरिष्ठ अधिकारियों ने आवेदन को कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भेजते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

#### सर्वे में किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हुआ

ग्राम बीलखेड़ा नाऊ, झारड़ा निवासी उदाजी पिता माकन जी ने बताया कि जिस शासकीय भूमि पर वे खेती करते थे, उसके सर्वे में किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हो गया है। उन्होंने परिवार के भरण-पोषण के लिए उक्त शासकीय भूमि का पट्टा दिए जाने का अनुरोध किया। मामले में संबंधित अधिकारियों ने प्रकरण झारड़ा तहसीलदार को भेजकर नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए।

### संभागायुक्त ने कहा–निर्माण कार्यों में अब कोताही बर्दाश्त नहीं, इंजीनियर रोस्टर बनाकर मौके पर करें मॉनिटरिंग

# सिंहस्थ निर्माण कार्यों में देरी पर दो एजेंसियों पर 5 लाख की पेनल्टी

उज्जैन।

सिंहस्थ -2028 की तैयारियों के तहत शहर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों में गति लाने के लिए संभाग आयुक्त-सह-सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने मंगलवार को निर्माण कार्यों के नियमित निरीक्षण के दौरान मार्ग चौड़ीकरण कार्य में देरी पाए जाने पर दो निर्माण एजेंसियों पर कुल 5 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। हनुमान नाका से हरिफाटक मार्ग के कार्य में देरी पर ब्राइट इंफ्रा पर 3 लाख रुपए तथा मंछामन चौराहा से रेलवे कॉलोनी होते हुए हरिफाटक चौराहा मार्ग के कार्य में धीमी प्रगति पर जिंदल प्राइवेट लिमिटेड पर 2 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई।

संभाग आयुक्त सिंह ने स्पष्ट कहा कि सिंहस्थ के निर्माण कार्यों में अब किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण एजेंसियां श्रमिकों की संख्या एवं आवश्यक संसाधन बढ़ाकर कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे निर्माण स्थल पर उपस्थित रहकर प्रतिदिन कार्यों की मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रतिदिन



हरीफाटक अंडरपास का एलाइनमेंट, एमपीआरडीसी, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी संयुक्त रूप से तय कर तैयार करें ड्राइंग

निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कितना कार्य पूरा हुआ है निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भी मौजूद रहे। संभाग आयुक्त आशीष सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने हरीफाटक ओवरब्रिज के नीचे प्रस्तावित अंडरपास निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए जा रहे अंडरपास के एलाइनमेंट को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। इसके लिए एमपीआरडीसी, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से ड्राइंग तैयार कर समन्वित कार्ययोजना प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

संभाग आयुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य कराने वाले विभागों के इंजीनियर निर्माण स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि केवल कागजी मॉनिटरिंग से काम नहीं चलेगा, बल्कि मौके पर रहकर प्रतिदिन की प्रगति का आंकलन किया जाए और आवश्यकता के अनुसार निर्माण एजेंसियों को संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए जाएं। 600 मीटर लंबा होगा हरिफाटक अंडरपास कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों का प्रतिदिन मौके पर निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाने है। इसी क्रम में हरिफाटक अंडरपास एवं ओवरब्रिज के कार्यों का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के बीच समन्वय के संबंध में कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरिफाटक क्षेत्र में करीब 600 मीटर लंबे अंडरपास का कार्य प्रारंभ हो चुका है। अंडरपास के माध्यम से बाहर से आने वाले श्रद्धालु मन्नत गार्डन से सीधे महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे।अंडरपास का निर्माण रेलवे लाइन के नीचे से किया जा रहा है और इसके लिए रेलवे के साथ भी समन्वय बनाया गया है। नगर निगम की सड़क को भी अंडरपास से जोड़ा जाएगा, ताकि निर्माण के बाद यातायात व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित बनी रहे। कलेक्टर सिंह ने बताया कि नीलगंगा चौराहा से जुड़ी तीन प्रमुख सड़कों हरिफाटक से हनुमान नाका, हनुमान नाका से नीलगंगा चौराहा तथा नीलगंगा चौराहा से केटीएम शोरूम तक के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निर्धारित समय-सीमा के अनुसार आवश्यक संसाधन मौके पर उपलब्ध है या नही, इसकी भी लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएंगे।



### कलेक्टर ने की विभागवार समीक्षा

## फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन पर विस्तृत चर्चा की गई

उज्जैन।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में बुधवार 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाली कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) की संभागीय बैठक की पूर्व तैयारी के अंतर्गत एजेंडानुसार विभिन्न विभागों की समीक्षा की। इस दौरान एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में अब तक 628.8 मिमी वर्षा हुई है। बैठक में रबी वर्ष 2026-27 की फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता पर विस्तृत चर्चा की गई। उर्वरक उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया गया कि गत वर्ष की तुलना में यूरिया एवं डीएपी के उठाव में वृद्धि हुई है। किसानों में जागरूकता के कारण आवश्यकता से अधिक उर्वरक नहीं लिया गया। सहकारी समिति, विपणन संघ एवं निजी संस्थाओं में उर्वरकों के विक्रय एवं उपलब्धता की स्थिति से अवगत कराया गया। अधिक उर्वरक उठाव वाले कृषकों की जानकारी दी गई। बीज वितरण, फसल बीमा योजना अंतर्गत ऋण एवं अझण कृषकों के मूल्यांकन की स्थिति, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य एवं पंजीकृत किसानों की जानकारी, नरवाई प्रबंधन तथा जैविक प्रमाणित कृषि उत्पादों की स्थिति पर चर्चा हुई। मूंगफली का उत्पादन क्षेत्र बढ़ा होने की जानकारी दी गई। ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण में आई कमी तथा ई-वितरण व्यवस्था की जानकारी दी गई। जिले द्वारा दिए जा रहे सुझावों से भी अवगत कराया गया। बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी द्वारा प्रदेश में क्लस्टर आधारित उद्यानिकी की स्थिति, प्रेशराइज्ड इरिगेशन सिस्टम, पीएमएफएमई के स्वीकृत प्रकरणों एवं वितरण की जानकारी दी। नवाचार आधारित उद्यानिकी तथा अन्य एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# उज्जैन में महिला के साथ गैंगरेप और मारपीट

### इंस्टाग्राम पर हुई थी दोस्ती दो लोगों पर एफआईआर दर्ज

उज्जैन।

उज्जैन में एक महिला ने सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती के बाद सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपने साथ हुई कथित घटना की जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, महिला की शिकायत पर चक्रेश जैन और उसके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब शिकायत में बताए गए घटनाक्रम और अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, महिला इंदौर की रहने वाली है और करीब छह महीने पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान उज्जैन निवासी चक्रेश जैन से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। महिला के अनुसार, इससे पहले भी दोनों उज्जैन और इंदौर में मिल चुके थे। सोमवार को चक्रेश ने महिला को मिलने के लिए उज्जैन बुलाया था। महिला बस से उज्जैन पहुंची, जहां मेघदूत होटल के पास चक्रेश अपने एक साथी के साथ कार लेकर मौजूद था।

**कार में जबरदस्ती और मारपीट का आरोप-** महिला ने उज्जैन पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि कार में उसके साथ जबरदस्ती की गई और सामूहिक दुष्कर्म किया गया। महिला ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में मारपीट करने और गंभीर चोट पहुंचाने की बात भी कही है। वीडियो में उसने दावा किया कि रास्ते में चक्रेश के कुछ अन्य दोस्त भी कार में सवार हो गए थे। महिला ने अपने साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने के आरोप लगाए हैं। घटना के संबंध में किए गए सभी दावों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

**रोते हुए किया फोन, परिचित अस्पताल पहुंचा-** महिला के परिचित ने बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे उसके पास महिला का फोन आया था। फोन पर महिला रो रही थी और उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परिचित निजी अस्पताल के पास पहुंचा। वहां से महिला को लेकर वह नानाखेड़ा थाने पहुंचा, जहां महिला ने पुलिस को अपनी शिकायत दी। इसके बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की।

#### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर जांच जारी

सीएसपी श्वेता गुप्ता के अनुसार, महिला सोमवार रात करीब 12 बजे नानाखेड़ा थाने पहुंची थी। उसने लिखित शिकायत में चक्रेश जैन और उसके साथी पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। आरोपियों का पक्ष और जांच के विस्तृत निष्कर्ष सामने आना बाकी हैं।

## महिदपुर में मावा विक्रेताओं का आकस्मिक निरीक्षण



उज्जैन। कलेक्टर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को तहसील महिदपुर में मावा विक्रेताओं एवं विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मावा में स्टार्च, शर्करा एवं वनस्पति तेल आदि की संभावित मिलावट की प्राथमिक जाँच की गई। मौके पर Baudouin टेस्ट भी लगाया गया, जिससे वनस्पति तेल की मिलावट का पता लगाया जा सके। टीम द्वारा तहसील महिदपुर के निम्नलिखित स्थानों से मावा के नमूने एकत्रित किए गए। गिरीराज सेल्स एजेंसी, यशवंत मार्ग, महिदपुर से मावा के 02 नमूने - आनंदम मावा भण्डार, गोपाल गौशाला के पास, महिदपुर से मावा का 01 नमूना उपरोक्त सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेज दिए गए हैं। जाँच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध विधिवत अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई का उद्देश्य जनसामान्य को शुद्ध एवं मिलावटमुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है।

## गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत पंजीयन एवं टीकाकरण सुनिश्चित करें -डॉ. सिंह

उज्जैन।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा मंगलवार को चिंतामण जवासिया स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र राजपूत ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने तथा गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।



हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनका प्रोटोकॉल अनुसार समुचित प्रबंधन एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए, जिससे गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया जा सके। साथ ही, स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को आवश्यक पैथोलॉजी जांच की सुविधा समय पर उपलब्ध कराने तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय सुनिश्चित करें द्य निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्था प्रभारी सहित अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित थे।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घट्टिया में साफ-सफाई गतिविधियां आयोजित

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनुज कुमार शल्या के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घट्टिया में मंगलवार को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत अस्पताल परिसर में साफ-सफाई गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र परिसर को स्वच्छ रखने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता बनाए रखना बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिसर संक्रमण की रोकथाम में सहायक होता है तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य वातावरण प्रदान करता है।

### ऑनलाइन ज्ञान प्रतियोगिता में चमके देश के युवा, अब शोधार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

## उज्जैन विश्वविद्यालय शुरू करेगा विशेष छात्रवृत्ति योजना

उज्जैन।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के आचार्य विद्यासागर पीठ एवं शोध संस्थान ने शरद पूर्णिमा और आचार्यविद्यासागरजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर एक ऑनलाइन ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ मध्यप्रदेश से भी 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को आचार्यके प्रेरणादायी जीवन, उनके साहित्य, विचारों और समाजहित में किए गए कार्यों से परिचित कराना था।

विद्यासागर जी महाराज के आदर्शों पर शोध को मिलेगी रफ्तार

प्रतियोगिता के परिणाम तय करने के लिए सबसे ज्यादा अंक लाने वाले शीर्ष प्रतिभागियों का टेलीफोनिक साक्षात्कार लिया गया, जिसमें प्रतिभा स्थली की दीदी ने आचार्यके दर्शन और योगदान से जुड़े सवाल पूछे। इस आधार पर विजेताओं की अंतिम सूची तैयार की गई, जिसमें बुधवार (शहडोल) की अर्चना जैन ने पहला, रायपुर के सोहिल जैन ने दूसरा और बीना के अर्चित जैन ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, उज्जैन की श्वेता जैन को पहला और देहरादून की पारुल जैन को दूसरा सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को क्रमशः 5,100, 3,100, 2,100 और सांत्वना स्वरूप 1,100 की राशि प्रदान की जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि आचार्यके विचारों का समाज और शिक्षा जगत में बहुत बड़ा महत्व है। इसी कड़ी में, विश्वविद्यालय और शोध संस्थान अगले महीने से शोध छात्रों के लिए एक नई छात्रवृत्ति योजना शुरू करने जा रहे हैं। इसके तहत आचार्यके जीवन, दर्शन और जनकल्याणकारी कार्यों पर रिसर्च करने वाले इच्छुक शोधार्थियों से आवेदन मंगाए जाएंगे और चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग व छात्रवृत्ति दी जाएगी। आर्यिका 105 पूर्णमति माताजी के सान्निध्य में स्थापित और आचार्य 108 समयसागरजी महाराज के आशीर्वाद से संचालित यह पीठ युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का काम लगातार कर रही है।

## 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिकों को भी आयुष्मान भारत निरामयम योजना का लाभ

उज्जैन। शासन द्वारा 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिकों को भी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) में शामिल किया गया है, जिससे अब वरिष्ठ नागरिक भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले सकेंगे। जिले में निरंतर वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत नहीं आते, आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। पात्रता का निर्धारण आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जाएगा। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा तथा पंजीकरण के लिए आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. (फैमिली आई.डी.) की आवश्यकता होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. विक्रम सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाए जा रहे हैं। उन्होंने समस्त पात्र नागरिकों एवं 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. लेकर नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में संपर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं। आयुष्मान भारत "निरामयम" योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को रुपये 5 लाख प्रति परिवार प्रतिवर्ष स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाता है।

# राहुल गांधी का 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम' पोस्ट

## आध्यात्मिक संदेश के सियासी मायने



नई दिल्ली, । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुबह-सुबह 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम' लिखकर त्रिपुंड के सिंबल को साझा किया है। यह भगवान शिव की उपासना से जुड़ा एक गहरा आध्यात्मिक प्रतीक है, जिसका अर्थ है 'जो सत्य है, वही कल्याणकारी है और जो कल्याणकारी है, वही संसार में सबसे सुंदर है, आनंदमयी है।'

यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब राहुल गांधी हाल ही में एक मानहानि मामले में बरी हुए हैं, और साथ ही वे चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर हैं। आध्यात्मिक प्रतीकों का राजनीतिक मंच पर उपयोग अक्सर गहरे संदेशों की ओर इशारा करता है। 12 अक्टूबर को, राहुल गांधी ने चुनावी मुद्दों से जुड़े एक बड़े मार्च को 'शिव का डांस' या 'शिव बारात' बताया था। उन्होंने कहा था कि इसमें कोई पूर्व योजना नहीं थी, लेकिन फिर भी सफलता मिली। उन्होंने तब भी कहा था कि शिव का डांस चल रहा है, कोई भी आ सकता है।

### रैली को लेकर दिल्ली के व्यापारियों में गुस्सा

दिल्ली के व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कांग्रेस की आगामी रैली के आयोजन स्थल को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। संगठन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोबारा पत्र लिखकर मांग की है कि 1 नवंबर को प्रस्तावित रैली रामलीला मैदान के बजाय बुराड़ी ग्राउंड में आयोजित की जाए। व्यापारियों का कहना है कि रामलीला मैदान में रैली के आयोजन से दिल्ली के लगभग 20 पुराने बाजार प्रभावित होंगे, जिससे दिवाली से ठीक पहले व्यापारियों को हजारों करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## भारत ने अरुणाचल सीमा पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने 'शौर्य' दस्ता किया तैनात

# भारतीय और चीनी सैनिक आए आमने-सामने

- भारतीय सीमा सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रण में रखा, चौकसी के साथ गश्त बढ़ाई



नई दिल्ली । भारत और चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्वी लद्दाख के बाद अब अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने जानकारी दी है कि पिछले कुछ दिनों में अरुणाचल प्रदेश के कई संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में भारतीय जवानों और चीन की पीएलए के सैनिकों के बीच आमने-सामने आने की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर दोनों पक्षों के सैनिक बहुत करीब तैनात हैं और स्थिति संवेदनशील बनी हुई है।

हालांकि भारतीय सीमा सुरक्षा बलों ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखा है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपनी गश्त और चौकसी को बढ़ा दिया है। चीन के साथ सीमा पर पैदा हुई इस नई स्थिति से निपटने के लिए आईटीबीपी ने अपनी विशेष कॉम्बैट यूनिट 'शौर्य' कमांडो दस्ते को मैदान में उतार दिया है। यह नया विशेष दस्ता उच्च पर्वतीय युद्ध कला, विषम परिस्थितियों में जीवित रहने और आत्मघातिक हथियारों के संचालन में पूरी तरह से पारंगत है।

कपूर के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के कठिन पहाड़ी इलाकों में चीनी सैनिकों द्वारा की जाने वाली घुसपैठ की कोशिशों और आक्रामक गतिविधियों को विफल करने में शौर्य कमांडो टीम ने जबरदस्त क्षमता और पेशेवर कुशलता का परिचय दिया है। भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवान सीमा पर अपनी तय गश्त सीमाओं की रक्षा के लिए मुस्तैदी से डटे हुए हैं और चीन की हर संचालन पर रडार और ड्रोन कैमरों के जरिए पैनी नजर रखी जा रही है। अरुणाचल सीमा पर उपजे इस तनाव के बाद चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बीजिंग में प्रेस वार्ता के दौरान अपनी सफाई पेश की है।

### भारत ने कहा- एलएसी पर खेता रहता है टकराव

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति को लेकर फिर बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। जहां भारत ने सीमा पर हालात कभी-कभी बिगड़ने की बात कही है, वहीं चीन ने सेनाओं का सख्ती से पालन करने और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सामान्य बात करने का दावा किया है। पिछले हफ्ते, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि एलएसी पर स्थिति समय-समय पर बिगड़ जाती है, जब चीनी सेना स्थापित गश्ती पैटर्न से हट जाती है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया था। भारतीय-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने भी अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों के साथ लगातार टकराव की घटनाओं का जिक्र किया था। इन बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच हुए प्रासंगिक समझौतों का सख्ती से पालन करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत भी दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति को संयुक्त रूप से लागू करके सीमावर्ती इलाकों में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए चीन के साथ उसी दिशा में काम करेगा। उन्होंने बताया कि चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संवाद जारी रखे हुए हैं। इस बीच, भारतीय सुरक्षा बल भी सीमा पर अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। आईटीबीपी ने चीन से लगती सीमा पर अपनी सभी सीमा इकाइयों में ड्रोन प्लाटून गठित की हैं।

### फर्जी एआई वीडियो बता कांग्रेस पर बरसे किरेन रिजिजू, बोले- माफी मांगे देश से

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय सेना से जुड़े कथित फर्जी वीडियो साझा किए जाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पार्टी से देश से माफी मांगने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सेना की छवि खराब करने के लिए श्रमक और छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए गए। यह विवाद बिहार कांग्रेस की प्रवक्ता रितु चौधरी की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किए गए दो वीडियो के बाद सामने आया। भारतीय सेना ने इन वीडियो पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए एक को श्रमक फुटेज और दूसरे को डीपफेक बताया। इन वीडियो के जरिए कथित तौर पर दावा किया गया था कि चीनी सेना भारतीय क्षेत्र में घुस आई है और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। दूसरे वीडियो में सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के नाम से ऐसी बातें प्रसारित की गई थीं, जिनमें भारतीय सैनिकों को जरूरी सामान नहीं मिलने का दावा भी शामिल था। भारतीय सेना के स्पष्टीकरण के अनुसार, पहले वीडियो में सिक्किम के नाथू ला दर्रे पर चीनी व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही दिखाई गई है। नाथू ला भारत और चीन के बीच अधिकृत सीमा व्यापार मार्ग है।



## फटाफट खबरें

### सिग्नल रूम में आग लगने से 80 लोकल ट्रेनें रद्द

वहां मंगलवार को मध्य रेलवे की लोकल ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। कांजुरमार्ग के सिग्नलिंग रूम में आग लगने और सुलुंड-ठाणे के बीच ओवरहेड बिजली के तारों में खराबी के कारण हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे हो गए कि 80 लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द करनी पड़ीं, जबकि कई ट्रेनें 90 मिनट तक की देरी से चलीं। इस बीच, सोमवार को रेलवे ट्रैक पर तीन लोगों के शव मिलने से भी चिंता और बढ़ गई है। सुबह करीब 9:30 बजे कांजुरमार्ग स्टेशन के सिग्नलिंग रिले रूम में शॉर्ट सर्किट की आशंका के बीच आग लग गई। इससे कम से कम 24 सिग्नल काम करना बंद कर गए, जिससे ट्रेनों की पटरी पीली हो गई। वहीं, सुलुंड और ठाणे के बीच ओवरहेड बिजली के तारों पर कोई बाहरी वस्तु गिरने से इंसुलेटर फट गया, जिससे डाउन लाइन पर सेवाएं बाधित हुईं। इस अव्यवस्था के कारण रात्रि घंटों इंतजार करते रहे, और कुछ तो स्टेशनों तक पहुंचने के लिए पटरियों पर पैदल चलते रहे। यात्री संघों ने रेलवे की रखरखाव व्यवस्था और समय पर घोषणाओं की कमी पर सवाल उठाए।

### इथियोपिया में खूनी हमला: 40 से अधिक की मौत

इथियोपिया के मध्य ओरोमिया में हाल ही में ऑर्थोडॉक्स ईसाई चर्चों और अल्पसंख्यक गांवों पर हुए हथियारबंद हमलों ने 40 से अधिक लोगों की जान ले ली है। स्थानीय निवासियों और एक पादरी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इन हमलों से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। इथियोपिया का सबसे बड़ा राज्य ओरोमिया, लंबे समय से विद्रोह, संप्रदाय संघर्ष और जातीय तनाव का सामना कर रहा है। वहां इथियोपियाई संगठन अक्सर धर्म का इस्तेमाल कर समुदायों के बीच फूट डालने और अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश करते रहे हैं। मरने वालों की संख्या को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं।

### हूती खतरे के बीच पाकिस्तान ने सऊदी अरब भेजे सैनिक

पाकिस्तान ने सऊदी अरब को अपनी सैन्य सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उसने रक्षा उपकरण, वायु रक्षा प्रणालियाँ, मिसाइलें, टैंकेट, देश में बने हेलन और अतिरिक्त सैनिकों की नई खेप भेजी है। यह कदम क्षेत्र में बढ़ते तनाव और यमन के हूती विद्रोहियों से रियाद को हो रहे खतरे के बीच उठाया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस्लामाबाद सितंबर 2025 में दोनों देशों के बीच साइन किए गए रणनीतिक आपसी रक्षा समझौते (एसएमडीए) के तहत सऊदी अरब को सैन्य सामान भेजना जारी रखे हुए है। इस समझौते के तहत, किसी एक देश के खिलाफ हमला दोनों के खिलाफ हमला माना जाएगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नारायणन की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार, 27 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नारायणन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। यहां बताते चलें कि के. आर. नारायणन भारत के दसवें राष्ट्रपति थे। उनका कार्यकाल 25 जुलाई 1997 से 25 जुलाई 2002 तक रहा।

वे देश के दलित समाज से आने वाले पहले राष्ट्रपति थे। अपने सार्वजनिक जीवन में उन्होंने भारतीय विदेश सेवा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और राजनीति में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए पहचान बनाई।

# यूपी में नए वोटरों पर फोकस कर रही भाजपा

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 2027 के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य में अगले साल अप्रैल तक चुनाव कराए जा सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसमें नए वोटरों को जोड़ने और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में, बीते 24 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं और राज्य कार्यसमिति के सदस्यों के साथ वर्चुअल बैठक की थी।

# लिकटेंस्टीन के युवराज एलोइस से जयशंकर ने की मुलाकात

## ईएफटीए को लेकर हुई चर्चा

अजीत झा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को लिकटेंस्टीन के युवराज एलोइस से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्सर पर लिखा- 'लिकटेंस्टीन के युवराज एलोइस के भारत दौरे के दौरान उनसे मुलाकात करके खुशी हुई। भारत और लिकटेंस्टीन के बीच साझेदारी कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है और इसमें भारत-ईएफटीए टीईपीए से मिलने वाले अवसर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले मंगलवार को प्रिंस एलोइस का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रिंस एलोइस ने कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि लिकटेंस्टीन भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस अद्भुत देश की पहली राजकीय यात्रा के अवसर पर भारत आकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के साथ हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) का जिक्र करते हुए प्रिंस एलोइस ने इसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि हम इस गति को आगे बढ़ाने और भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी मंगलवार को प्रिंस एलोइस से मुलाकात करेंगे।



### पीएम मोदी और प्रिंस एलोइस ने हैदराबाद हाउस में की मुलाकात

लिकटेंस्टाइन के प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी ने पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर गहन चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस और हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी का गर्मजोशी से स्वागत किया। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई।

# आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

- उज्जैन के अस्पताल में भर्ती होने का दिया था हवाला, राजस्थान सरकार को स्वास्थ्य का ध्यान रखने का निर्देश



संदीप सिंह

नई दिल्ली । नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने चिकित्सा आधार पर उनकी पैरोल बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। आसाराम के वकील ने दलील दी थी कि वह मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें उपचार के लिए अतिरिक्त समय दिया जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए राजस्थान सरकार को उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने का निर्देश दिया। आसाराम को पैरोल की अवधि समाप्त होने पर निर्धारित समय तक जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करना है।

**पैरोल बढ़ाने से किया इनकार**

जानकारी अनुसार, उनकी 20 दिन की पैरोल 27 अक्टूबर को शाम पांच बजे समाप्त हो रही है, ऐसे में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर चिकित्सा आधार पर पैरोल की अवधि बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने उनकी दलीलों को स्वीकार नहीं किया। पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद आसाराम मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे थे। वहां उनके पंचकर्म उपचार की योजना थी।

इसी दौरान उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके वकील ने इसी स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का हवाला देते हुए पैरोल बढ़ाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल बढ़ाने से इनकार करने के साथ राजस्थान सरकार को निर्देश दिया कि आसाराम की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का ध्यान रखा जाए।

### भ्रष्टाचार मामले में डीएमके के पूर्व मंत्री को भेजा जेल

चेन्नई । द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के पूर्व मंत्री पी. नल्ला पेय्यानोड़ी को भ्रष्टाचार के एक मामले ने सोमवार को अदालत ने 6 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पेय्यानोड़ी को निजी विद्यालयों के प्रबंधन से सरकारी मान्यता और विभिन्न नियुक्तियों के मंजूरियां दिलाने का आश्वासन देकर कथित तौर पर धन वसूलने से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया है। सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें रात में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश एन.एस सत्यानूर्ति ने बचाव पक्ष के वकीलों विन्सेन्ट एवं सरवनन और लोक अभियोजक जॉन सत्यन की दलीलें सुनने के बाद पेय्यानोड़ी को छह नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।




म्यांमार की राजधानी यंगून के बटाहतौंग पगोडा में पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु दीपक जलाते हुए लोग। -फोटो- ईएमएस

## सुप्रीम कोर्ट दो पूर्व जजों ने लगाए गंभीर आरोप...

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के कार्यकाल पर उठे सवाल

नई दिल्ली । भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपने कार्यकाल को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के दो पूर्व न्यायाधीशों ने उन पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता करने और सरकार के प्रति जरूरत से ज्यादा नरम रुख अपनाने के आरोप लगाए हैं।



यह विवाद पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल की आगामी पुस्तक 'विदाउट फियर ऑर फेवर' में किए गए खुलासों के बाद चर्चा में आया है। चंद्रचूड़ ने नियुक्तियों को लेकर कॉलेजियम के सदस्यों के बीच असंतोष होने की बात से इनकार किया है। पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल ने अपनी पुस्तक में दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट में नियुक्तियों को लेकर कॉलेजियम पांच नामों पर पहले ही सहमत हो चुका था। इसके बावजूद, तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक छठे उम्मीदवार का नाम सुझाया और उस पर सरकार की राय जानने की बात कही। जस्टिस कौल ने यह भी लिखा है कि कार्यपालिका यानी सरकार के साथ व्यवहार करने के तरीके को लेकर उनके और चंद्रचूड़ के बीच मतभेद थे, जिनके कारण दोनों के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। कौल के आरोपों के केंद्र में यह सवाल है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति जैसे संवेदनशील मामलों में कॉलेजियम को सरकार से किस तरह दूरी बनाए रखनी चाहिए और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा कैसे की जानी चाहिए।

## मंसूर अब्बास की पार्टी का निर्णायक गणित

# इजरायल में सरकार गठन पर आ सकतीं हैं उलझनें

तेलअवीव । इजरायल की जटिल निर्वाचन प्रणाली ने एक बार फिर सरकार गठन को अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। यहां की संसद, जिसे 'नेसेट' कहा जाता है, में कुल 120 सीटें हैं और सरकार बनाने या बहुमत हासिल करने के लिए कम से कम 61 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है। आनुपातिक प्रतिनिधित्व वाली इस व्यवस्था में पूरा देश एक एकल निर्वाचन क्षेत्र होता है और मतदाता सीधे किसी व्यक्ति के बजाय राजनीतिक दल को वोट देते हैं।

किसी पार्टी को कुल राष्ट्रीय वोट प्रतिशत के आधार पर सीटें मिलती हैं, लेकिन संसद में प्रवेश के लिए न्यूनतम 3.25 प्रतिशत वोट पाना अनिवार्य है। इसी बहुदलीय प्रणाली के चलते प्रायः किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता और गठबंधन सरकारें ही बनती हैं।



इस बार भी बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी और पूर्व सैन्य प्रमुख गादी आइजेनकोट की अगुवाई वाले विपक्षी गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला है, लेकिन चुनावी सर्वेक्षणों में किसी भी प्रमुख ब्लॉक को स्पष्ट रूप से 61 सीटों का आंकड़ा मिलता नहीं दिख रहा। ऐसी स्थिति में इजरायल की राजनीति में अरब नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली 'राअम' (यूनाइटेड अरब लिस्ट) पार्टी की भूमिका बेहद निर्णायक हो गई है। इस पार्टी के प्रमुख मंसूर अब्बास हैं और इसकी राजनीतिक पृष्ठभूमि इस्लामी विचारधारा से प्रभावित मानी जाती है। इजरायल की कुल आबादी का लगभग 20 प्रतिशत अरब नागरिक हैं, जो मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हैं।

### पार्टी को 5 सीटें मिलने का अनुमान

मंसूर अब्बास की पार्टी राअम मुख्य रूप से इन्हीं अरब नागरिकों के नागरिक अधिकारों, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण के मुद्दों पर केंद्रित रहती है। पिछली बार भी राअम पार्टी ने एक इजरायली गठबंधन सरकार में शामिल होकर इतिहास रचा था। इस चुनाव में पार्टी को करीब 5 सीटें मिलने का अनुमान है। यदि नेतन्याहू या विपक्षी गठबंधन बहुमत से थोड़ा दूर रह जाते हैं, तो ये 5 सीटें सत्ता का संतुलन तय करेंगी। हालांकि, गाजा संघर्ष के बाद इजरायल के कई दक्षिणपंथी धड़ों के लिए किसी अरब पार्टी का सहयोग लेना या उन्हें सरकार में शामिल करना कूटनीतिक और राजनीतिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।

# अभिषेक-वैभव के तूफान में उड़े कीवी




अभिषेक शर्मा का शतक,भारत ने न्यूज़ीलैंड को 6 विकेट से हराया

**वेलिंगटन। भारत ने न्यूजीलैंड को 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में 6 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। इसके साथ ही भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार छठा टी20 सीरीज अपने नाम किया। भारत फरवरी 2019 में न्यूजीलैंड से आखिरी बार टी20 सीरीज हारा था। वेलिंग्टन के हेनरी स्टेडियम में मंगलवार (27 अक्टूबर) को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाए। डेरिल मिचेल सबसे ज्यादा रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 6 विकेट खोकर 13.2 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन बना लिए। अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन शतक जड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने भी तूफानी पारी खेली।**

न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने 52 गेंद पर 5 चौके और 5 छक्कों की मदद से 89 रन बनाकर नाबाद रहे। फिन एलन ने 25 गेंद पर 5 छक्कों की मदद से 40 रन बनाए। बेवन जैकब्स ने 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 23 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे। ग्लेन फिलिप्स ने 14 गेंद पर 17 और टिम सीफर्ट ने 2 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

अभिषेक शर्मा ने 11 छक्के और 9 चौके की मदद से 38 गेंद पर 113 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंद पर 4 चौके और 4 छक्के की मदद से 45 रन बनाए। संजू सैमसन 13 गेंद पर 18, श्रेयस अय्यर 10 गेंद पर 5 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा 1 और नमन धीर 4 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए काइल जेमीसन ने 45 रन देकर 2 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर और मिचेल सेंटनर ने 1-1 विकेट लिए। भारत ने प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया। इशान किशन चोटिल हैं ऐसे में वैभव सूर्यवंशी प्लेइंग 11 में बने हुए हैं। न्यूजीलैंड ने तीन बदलाव किए। मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन और नाथन स्मिथ बाहर हुए। मैथ्यू फिशर, काइल जेमीसन और एडम मिल्न की वापसी हुई।

## आप यूं ही मैदान पर जाकर 12 गेंदों में 50 रन नहीं बना सकते-अभिषेक शर्मा

अभिषेक शर्मा ने 38 गेंद में नौ चौकों और 11 छक्कों की मदद से 113 रन की आक्रामक पारी खेली। उनकी इस पारी के बूते भारत ने जीत के लिए मिले 199 रन के लक्ष्य को 40 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। भारत की छह विकेट की जीत के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार के लिए चुने गये अभिषेक ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि उस समय युवराज किस तरह की क्रिकेट खेल रहे थे, लेकिन यह बिल्कुल भी आसान नहीं है। कोई बल्लेबाज अगर इस तरह खेलने के इरादे से मैदान पर उतरता है तो भी यह आसान नहीं होगा। आप यूं ही मैदान पर जाकर 12 गेंदों में 50 रन नहीं बना सकते। ऐसा कभी-कभार ही होता है।'

अभिषेक ने कहा कि उनका और युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का मुख्य उद्देश्य टीम को तेज शुरुआत दिलाना और उस लय को बरकरार रखना था। उन्होंने कहा, 'एक बल्लेबाज के तौर पर हम ऐसे रिकॉर्ड के पीछे नहीं भागते। हमारा लक्ष्य हमेशा टीम को मैच जिताना होता है। खासकर वैभव के साथ हमारी यही योजना थी। हम सीरीज के बाकी मैचों में भी इसी अंदाज को जारी रखना चाहते हैं और इस बार हमारी योजना सफल रही।'

### अभिषेक ने कोचिंग स्टाफ को दिया क्रेडिट

अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय टीम के कोचिंग स्टाफ और अभ्यास सत्रों को दिया। उन्होंने बताया कि साइडआर्म से फेंकी जाने वाली गेंदों के खिलाफ लगातार अभ्यास करने से उन्हें अपनी स्वाभाविक शैली में बल्लेबाजी करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है। इसके लिए की गई तैयारी अहम होती है। मैं हमारे कोचों का विशेष रूप से जिक्र करना चाहूंगा, क्योंकि हम साइडआर्म से फेंकी जाने वाली गेंदों के खिलाफ काफी अभ्यास कर रहे हैं।'अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय टीम के कोचिंग स्टाफ और अभ्यास सत्रों को दिया। उन्होंने बताया कि साइडआर्म से फेंकी जाने वाली गेंदों के खिलाफ लगातार अभ्यास करने से उन्हें अपनी स्वाभाविक शैली में बल्लेबाजी करने में मदद मिली।

## हमने पहले भी देखा था, आज खुद भुगत लिया-सैंटेनर



भारत के खिलाफ करारी हार के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की है। सैंटनर का मानना है कि जब भारत के बल्लेबाज अपनी लय में आ जाते हैं, तो उन्हें रोकना बेहद मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि आईपीएल में भी भारतीय बल्लेबाजों का ऐसा अंदाज देखने को मिला था। कीवी कप्तान ने माना कि न्यूजीलैंड को अगले मुकाबले में टीम इंडिया की आक्रामक बल्लेबाजी का तोड़ निकालना होगा। सैंटनर ने यह भी स्वीकार किया कि भारतीय बल्लेबाजों ने पावरप्ले में जिस तरह से रन बनाए, उसने मैच का रुख बदल दिया। अब न्यूजीलैंड की टीम को अगले मुकाबले से पहले अपनी गेंदबाजी रणनीति पर दोबारा विचार करना होगा। मैच के बाद मिचेल सैंटनर ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक अंदाज के सामने गेंदबाजी के लिए रन रोकना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, जब ये खिलाड़ी चल पड़ते हैं, तो उन्हें रोकना काफी मुश्किल होता है। हमने ऐसा पहले भी देखा है, आईपीएल में भी और आज रात न्यूजीलैंड में भी इसका अनुभव किया।सैंटनर के इस बयान से साफ है कि भारतीय बल्लेबाजों ने विपक्षी गेंदबाजों पर किस तरह दबाव बनाया। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाकर न्यूजीलैंड की रणनीति को मुश्किल में डाल दिया। सैंटनर को अब अपनी टीम के गेंदबाजों के लिए ऐसी योजना तैयार करनी होगी, जिससे भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका न मिले।



## मध्य प्रदेश ने दो ही दिन के अंदर बिहार को हराया

इंदौर। सारांश जैन के शानदार प्रदर्शन की मदद से मध्य प्रदेश ने दो ही दिन के अंदर बिहार को हराया। इसके अलावा बड़ौदा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ विशाल स्कोर खड़ा किया।

भारतीय ऑफ स्पिनर सारांश जैन (13 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले में दूसरे दिन ही बिहार को पारी और 174 रन से करारी शिकस्त दी। पहली पारी में 14 रन देकर सात विकेट लेने वाले 33 वर्षीय जैन ने दूसरी पारी में 49 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इस तरह उन्होंने मैच में कुल 89 रन देकर 13 विकेट अपने नाम किए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 71 रन देकर नौ विकेट था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 261 रन से की और पहली पारी आठ विकेट पर 407 रन बनाकर घोषित कर दी। युवा बल्लेबाज सक्षम पुरोहित और कप्तान रजत पाटीदार ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद बिहारी की दूसरी पारी 134 रन पर सिमट गई। बिहार के नौ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

## मप्र कुमावत क्रिकेट लीग में रनों की बरसात

इंदौर।

युवाओं को मोबाइल और नशे से दूर रखने का कुमावत समाज ने एक अनूठी पहल करते हुए युवाओं को खेल के मैदान पर लाकर युवाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है । युवा भी इस आयोजन पर बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है और रोमांचक मुकाबलों में अपनी प्रतिभा दिखा रहे है । मुकाबलों में लगातार चौके-छक्के लग रहे है और खिलाड़ियों के साथ समाजजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कुमावत समाज द्वारा इस तरह का क्रिकेट आयोजन पहली बार हो रहा है ।

%एमपी कुमावत क्रिकेट लीग% के संयोजकनागुराम कुमावत के संयोजन में आयोजित यह स्पर्धा दिन-रात मुकाबले खेले जा रहे है । तीसरे दिन हुए मुकाबलों में राजस्थान रॉयल्स इंदौर, टीम बार्डर एमपी तथा रिंगनोदिया रॉयल्स ने आसान जीत दर्ज की ।



बायपास स्थित भंडारी फार्म के पीछे युग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेला जा इस टूर्नामेंट में तीसरे दिन हुए मुकाबलों में रिंगनोदिया रॉयल्स ने जिन्दाखेड़ा कुमावत किंग्स इलेवन को 122 रनों के विशाल अंतर से मात दी । रिंगनोदिया रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 3 विकेट पर 189 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया । जिसमें रोहित कुमावत ने 21 गेंदों में 77 रनों की आतिशी पारी खेली । जवाब में जिन्दाखेड़ा कुमावत किंग्स इलेवन की टीम 12 ओवर में 7 विकेट पर 67 रन ही बना सके । रोहित ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी भी उम्दा की और 1 विकेट भी लिया ।

**दूसरा मुकाबला** - टीम बार्डर एमपी ने श्री गणेश क्रिकेट क्लब इंदौर को 96 रनों के बड़े अंतर से हराया । टीम बार्डर एमपी ने मोनी कुमावत के 33 गेंदों में बनाए 78 रनों की बदौलत 4 विकेट पर 178 रनों का विशाल स्कोर बनाया । इस विशाल स्कोर का पीछे करते हुए श्री गणेश क्रिकेट क्लब इंदौर की टीम 12 ओर में 6 विकेट पर 82 रन ही बना सकी । मौनी ने 1 विकेट भी अपने नाम किया ।

**तीसरा मुकाबला** - राजस्थान रॉयल्स इंदौर और टाईटन्स् के मध्य हुआ, जिसमें मनोज कुमावत (103 रन 43 गेंद) की शतकीय पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स इंदौर की टीम ने 109 रनों से जीत हासिल की ।

मुकाबलों के दौरान क्षेत्र क्र. 5 के विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री आचार्य गौरव जी, श्री अभय मोरवाल जी (कुमावत समाज के वरीष्ठ समाजसेवी), श्री जगदीश जी मंडावरा (मेवाड़ा क्षत्रिय कुमावत जिला अध्यक्ष), शेफ कंपनी के श्री सक्षम सेठिया जी, रियुग कंपनी के श्री भंवरलाल जी कुमावत, श्री मुकेश जी कुमावत, श्री पार्थ कुमावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया ।

## व्यापार

## भारत में चांदी आयात को मंजूरी



इंदौर।

त्योहारी सीजन की मांग को पूरा करने के लिए भारत ने अगले छह महीनों में करीब 6,500 टन चांदी आयात करने की अनुमति दी है। वहीं, घरेलू बाजार में चांदी का प्रीमियम पिछले सप्ताह के 2.50 डॉलर प्रति औंस से घटकर 0.45 डॉलर प्रति औंस रह गया। इससे भौतिक बाजार में आपूर्ति का दबाव कुछ कम होने के संकेत मिले हैं। इधर, बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका में महंगाई के उम्मीद से ज्यादा रहने के कारण ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची रहने की आशंका बढ़ गई है। इसका दबाव चांदी की कीमतों पर पड़ा। निवेशकों की नजर अब 29 अक्टूबर को जारी होने वाले अमेरिकी महंगाई आंकड़ों पर है, जिनसे आगे की मौद्रिक नीति के संकेत मिल सकते हैं। वैश्विक चांदी आपूर्ति में भी 2 फीसद गिरावट की संभावना जताई गई है। अमेरिकी महंगाई के आंकड़े, ब्याज दरों को लेकर फेडरल रिजर्व का रुख, कच्चे तेल की कीमतें और वैश्विक चांदी की आपूर्ति आगे भाव की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 4017 डॉलर प्रति औंस और चांदी 5406सेंट पर है। इंदौर सराफा- सोना केडबरी रवा नकद 143800, सोना आरटीजीएस में 141150 (जीएसटी अतिरिक्त), सोना 22 कैरेट 129400 (जीएसटी अतिरिक्त) रुपये प्रति दस, चांदी चौरसा 199000, चांदी आरटीजीएस 193400, चांदी टंच 199700 रुपये प्रति किलो, चांदी सिक्का 2470 रुपये प्रति नग ।



### मजबूत मांग से चना के भाव में तेजी

इंदौर। घरेलू बाजार में चना की कमजोर बिकवाली और दाल मिलर्स की मजबूत मांग के चलते चना की कीमतों में तेजी देखने को मिली। दिल्ली बाजार में चना के भाव 100 रु. क्विंटल बढ़ गए। मध्य प्रदेश लाइन का भाव 7,475 और राजस्थान लाइन का भाव 7,525 रु. क्विंटल हो गया। जयपुर में भी चना के भाव 100 रु. बढ़कर 7,525 रु. पहुंच गए। वहीं, जोधपुर बाजार में भाव 5,900 से 6,900 रु. के दायरे में रहे। देसी चना में तेजी का असर आयातित चना पर भी पड़ा। आयातित चना के भाव 75 से 100 रु.तक बढ़ गए।

## मूंगफली उत्पादन 20 फीसद घटने का अनुमान

इंदौर।

सामान्य त्योहारी मांग के चलते खाने के तेलों में मजबूती का रुख बना हुआ है। उधर, इस साल खरीफ मूंगफली का उत्पादन घटने की संभावना है। कम क्षेत्र में बुवाई और प्रतिकूल मौसम के कारण फसल की औसत उपज में गिरावट आने का अनुमान है। गुजरात देश का प्रमुख मूंगफली उत्पादक राज्य है। वर्ष 2025 के मुकाबले 2026 में गुजरात में मूंगफली का बुवाई क्षेत्र 22.02 लाख हेक्टेयर से घटकर 20.71 लाख हेक्टेयर रह गया है। वहीं, औसत उपज 1,902 किलो से घटकर 1,608 किलो प्रति हेक्टेयर रहने का अनुमान है। मूंगफली का कुल उत्पादन पिछले साल के 41.88 लाख टन से घटकर इस साल 33.34 लाख टन रह सकता है। यानी उत्पादन में करीब 8.54 लाख टन की गिरावट का अनुमान है। एक सर्वे के मुताबिक, अमरेली, भावनगर, जामनगर, द्वारका, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, पोरबंदर, राजकोट, मोरबी और सुरेंद्रनगर सहित प्रमुख उत्पादक जिलों में उत्पादन 31.82 लाख टन से घटकर 25.53 लाख टन रह सकता है।



## इंदौर बाजार भाव

**दलहन-** इंदौर चना काँटा 7500-7550 विशाल 7400-7450 डंकी चना 6300-6700 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 9400-9700 महाराष्ट्र लाल 9800-10000 कर्नाटक 10000-10100 निमारी तुवर 7700-9200 मूंग बेस्ट गर्मी 8200-8400 मूंग बेस्ट बोल्ड 8400-8600 मोंग 5500 - 7500 उड़द बोल्ड 9500-9700 उड़द गर्मी 9000-9400 ग्रेविटी क्लीन 9700-10100 उड़द मीडियम 6000-8500 हल्का 4000-6000 काबुली डॉलर 9500-10400 काबुली रशियन 7500-7700 बिटकी 7200-7400 रुपए क्विंटल।

**दालें-** चना दाल 8800-9000, मीडियम 9200-9400, बेस्ट 9000-10000, मसूर 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, मूंग दाल 9800-9900, बेस्ट 10000-10100 मूंग मोंगर 11800-11900, बेस्ट 12000-12100, तुवर दाल 9400-9500, मीडियम 10300-10400, बेस्ट 12400-12700, ए.बेस्ट 13600-13800, ब्रांडेड तुवर दाल 15200, उड़द दाल 11200-11300, बेस्ट 11400-11500, उड़द मोगर 11800-12000 बेस्ट 12100-12300, रुपये प्रति क्विंटल ।

**अनाज-**गेहू मिल क्वालिटी 2925-3000, मालवराज गेहूं 3050-3150, लोकवन 3100-3400 पूर्णा 3100- 3400, मक्का 2550-2600 रुपए क्विंटल।

**इंदौर चावल-बासमती** (921) 12000-13000, तिबार 10500-11500, बासमती दुबार पोनिया 9500-10000, मिनी दुबार 8000-8500, मोगरा 5000-7000, बासमती सेला 7500-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 9000, राजभोग 7500, दुबराज 4500-5500, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 2900-3100, पोहा 4500-5100 रु. क्विंटल।

**शक्कर-** शक्कर 5380-5500, गुड़ भैली 5600-5700, लड्डू 6500, बरफी 7000, महाराष्ट्र गुड़ ग्लास 6000-6200 रुपये प्रति क्विंटल।

**नारियल-** नारियल 120 भरती 3200, 160 भरती 3400, 200 भरती 3700, 250 भरती 4500 रुपये प्रति बोरी। खोपरा गोला बाक्स में 330-380, कट्टे में 315-20 रु. प्रति किलो, खोपरा बूरा 3050-5750 रु. प्रति 15 किलो।

**मसाले -** कालीमिर्च 755 से 760, मिनिमटर 775 से 785, मटरदाना 800 से 900, हल्दी निजामाबाद 225 से 250, हल्दी सांगली 315-320, जीरा 240 से

## माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारियों को पैसे लेकर नौकरी छोड़ने का ऑफर



**नई दिल्ली।** ने करीब 60 हजार कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर दिया है। कंपनी ने इसके बदले ग्रेड के मुताबिक एक साल तक की सैलरी एकमुश्त देने की बात कही है। कंपनी और सिस्टम बनाने में हुए खर्च की भरपाई के लिए कर्मचारियों की संख्या कम करने जा रही है। कंपनी में कुल 2.23 लाख कर्मचारी हैं, जिनमें 23 हजार भारत में हैं।

## मुनाफावसूली से जीरा कमजोर, उत्पादन घटने का अनुमान

इंदौर।

हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते जीरे के भाव फिर घटने लगे हैं। ऊंझा में आवक कम होने से अच्छी गुणवत्ता वाले जीरे की कमी यहां भी महसूस की जा रही है। हालांकि, कमजोर निर्यात मांग और घरेलू खरीदारों की सीमित खरीदारी से कीमतों में ज्यादा तेजी नहीं आ रही है।



इस साल भारत में जीरा उत्पादन घटकर 90-92 लाख बोरी रहने का अनुमान है, जबकि पिछले साल उत्पादन 1.10 करोड़ बोरी था। गुजरात में 42-45 लाख और राजस्थान में 48-50 लाख बोरी उत्पादन का अनुमान है। आगे बाजार की नजर जीरे की नई बुवाई, त्योहारों की मांग, किसानों की बिकवाली और निर्यात मांग पर रहेगी।

कम उत्पादन और सीमित आपूर्ति से कीमतों को सहारा मिल सकता है, लेकिन कमजोर निर्यात तेजी पर दबाव डाल सकता है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पूछा - क्या भारत में बम फोड़ने आ सकता है पाकिस्तान? स्टूडेंट बोले- नहीं

भोपाल, आरएचएम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राजधानी के ओरिएंटल कॉलेज में स्टूडेंट से संवाद किया। उन्होंने पूछा- क्या पाकिस्तान भारत में बम फोड़ने आ सकता है? सभी स्टूडेंट ने एकस्वर से कहा- नहीं। इसके बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तालियां बजवाईं। कॉलेज में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने यहां राष्ट्रीय सुरक्षा, राम मंदिर, आर्थिक स्थिति जैसे मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने नए संसद भवन और भारतीय पासपोर्ट के बढ़ते महत्व की भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर के नाम पर पहली बहुत दंगे होते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुपालन में अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। उन्होंने छात्रों से पूछा कि वोट देने का अधिकार किसे होना चाहिए, मतदाता अपने देश का होना चाहिए या विदेश का। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को हटाकर सरकार देश के युवाओं को अधिकार दे रही है, तो इसमें गलत क्या है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि चुनाव आयोग घर-घर जाकर सूची की जांच कर रहा है, यह सही कदम है।



## जीती सीट से इस्तीफा क्यों नहीं देते राहुल

कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल में कांग्रेस की जीत पर चुनाव आयोग अच्छा और बंगाल में हार पर खराब बताना गलत है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी एक सीट से हारते और दूसरी से जीतते हैं तो जीती हुई सीट से इस्तीफा क्यों नहीं देते। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को दिल्ली में हार का डर है इसलिए केरल से चुनाव लड़ते हैं।

उन्होंने नए संसद भवन और भारतीय पासपोर्ट के बढ़ते महत्व का भी जिक्र किया। सीएम ने स्टूडेंट से 2047 तक भारत को अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर पहुंचाने में योगदान देने की अपील की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा अब दो बार आयोजित की जाएगी। प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर बढ़ाने के लिए पहली बार यह पहल की जा रही है।

# निगम ने बड़ी संख्या में अतिक्रमणों को हटाया

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों और अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत अस्थाई रूप से बने छप्पर, चबूतरे, नाली के ऊपर अवैध रूप से रखी फर्शियां, आवागमन में बाधक लोडिंग आटो, दुकानों के बाहर रखा सामान, फुटपाथ आदि पर लगी सब्जी, आदि जप्त किये। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्यवाही की।

# मंत्री ने कहा-जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाएं, अधिकारी ने मांगा बजट

भोपाल, आरएचएम। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने योजनाओं का लाभ सभी पात्र जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कहा। बैठक में उद्यानिकी आयुक्त सौरभ सुमन ने अधिकाधिक लोगों को लाभ दिलाने के लिए अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने के प्रस्ताव भेजने की बात कही। मंत्री नारायण कुशवाहा ने कहा कि स्वीकृत बजट का नियमानुसार और समय पर उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी योजना की राशि लैप्स नहीं हो। उन्होंने ग्वालियर में प्रस्तावित हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी की स्थापना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव केसी. गुप्ता ने भी अपनी बात रखी। उद्यानिकी आयुक्त सौरभ सुमन ने बताया कि योजनाओं के लक्ष्य नवंबर के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजनाओं के विस्तार और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए केंद्र एवं राज्य शासन को अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने के प्रस्ताव भेजे जाएंगे।



# युवाओं ने लिया भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प

नरसिंहपुर, आरएचएम। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत मेरा युवा भारत (माय भारत), नरसिंहपुर द्वारा जिला पंचायत स्थित कार्यालय में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वयंसेवकों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। जिला युवा अधिकारी उमंग जैन ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए भ्रष्टाचार का उन्मूलन जरूरी है। इसके लिए शासन, नागरिकों और युवाओं को मिलकर पारदर्शी व्यवस्था बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से डिजिटल प्रतिज्ञा लेने और समाज में ईमानदारी के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में खुशी ढिमोले, कालूराम विश्वकर्मा, सौरभ शर्मा, शिवम श्रीवास्तव, ईशा राजपूत, रीना सराठे सहित माय भारत के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आयुक्त अहिरवार के निर्देश पर सफाई एवं धुलाई का कार्य कर रहा निगम का अमला

भोपाल,आरएचएम। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा वायु गुणवत्ता में सुधार एवं शहर को और अधिक साफ-स्वच्छ रखने हेतु विशेष अभियान के तहत साफ-सफाई एवं धूल-मिट्टी आदि को साफ करने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम का अमला प्रतिदिन प्रातः 06:00 बजे से सक्रिय होकर साफ-सफाई के साथ ही धूल-मिट्टी उठाने व सड़कों, पलाई ओवर, डिवाडर्स आदि की धुलाई एवं पानी का छिड़काव निरंतर कर रहा है साथ ही रोड स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से भी सड़कों की व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई की जा रही है। निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी साफ-सफाई कार्य की मॉनीटरिंग हेतु प्रातःकाल से ही फील्ड पर मौजूद रहकर अपने समक्ष स्वच्छता संबंधी कार्य करा रहे हैं और निगम अमले को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम के अमले ने मंगलवार को विशेष अभियान के तहत तीर सावरकर सेतु, निशातपुरा ब्रिज, होशंगाबाद रोड, बरखेड़ा सहित अन्य स्थानों पर सड़कों, पुल, पलाई ओवर आदि के फुटपाथों, डिवाईडरो, सेन्ट्रल वर्ज, साइड वर्ज आदि के किनारों से धूल-मिट्टी, कचरा, गंदगी उठाई और जेट स्प्रे मशीनों के माध्यम से धुलाई कराई साथ ही वायु में धूल के कण कम करने हेतु पानी का छिड़काव भी किया। निगम अमले द्वारा की जा रही साफ-सफाई एवं धुलाई का अवलोकन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी किया और साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

### धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने कलेक्टर सख्त

# मंडी से गोदाम तक रोज होगी जांच शॉर्टफॉल पर तय जवाबदेही




जबलपुर, आरएचएम। पिछले वर्ष धान उपार्जन में सामने आई अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने अधिकारियों को प्रतिदिन खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उपार्जन समिति की बैठक में उन्होंने सभी केंद्रों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन कराने और खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों के चयन में संबंधित समितियों के पुराने रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली की जांच की जाए। पूर्व में अनियमितताएं सामने आने वाले केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पटवारी, सचिव और ब्लॉक व जिला स्तर के अधिकारी भी निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि खरीदी की निगरानी केवल कार्यालयीन समीक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसानों की उपज, खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं और दर्ज आंकड़ों की वास्तविकता जांचें। इससे संभावित गड़बड़ियों की समय रहते पहचान कर उन्हें रोका जा सकेगा। धान खरीदी में गड़बड़ी पकड़ने के लिए मंडियों में आने वाली उपज, खरीदी केंद्रों पर दर्ज तौल, ऑनलाइन प्रविष्टियों और गोदामों में जमा अनाज के रिकॉर्ड का मिलान करने के निर्देश दिए गए। पिछले वर्ष के शॉर्टफॉल प्रकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संदिग्ध प्रविष्टियों, वास्तविक खरीदी और भुगतान की विस्तृत जांच कर जिम्मेदारी तय करने को कहा। प्रकरण के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल प्राथमिकी दर्ज कराने या शपथपत्र लेने से विभागीय जिम्मेदारी पूरी नहीं होती।



# कान्हा में बाघों की मौत पर हाईकोर्ट हुआ सख्त, सरकार से मांगा जवाब

जबलपुर, आरएचएम। कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सितंबर और अक्टूबर में हुई दो बाघों की मौत का कारण बताने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी। मुंबई निवासी सुव्रत चक्रवर्ती ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अशुमान सिंह ने कोर्ट को बताया कि इस साल कान्हा टाइगर रिजर्व में 20 से अधिक बाघों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। इनमें से पांच बाघों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) से मौत की पुष्टि होने की बात कही गई है।

याचिका में बताया गया कि कान्हा के दो बाघों को मुक्ती वन्यजीव उपचार केंद्र में रखा गया था। याचिकाकर्ता ने वायरस के प्रसार में संक्रमित श्वानों और साझा जलस्रोतों की भूमिका पर सवाल उठाए। उनके अनुसार, संक्रमण से बाघों का स्वाभाविक व्यवहार प्रभावित हो सकता है। इससे उनकी आक्रामकता और शिकार करने की क्षमता भी कम हो सकती है।

### दो हजार से अधिक श्वानों का टीकाकरण

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि वायरस का प्रसार रोकने के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व और आसपास के क्षेत्रों में दो हजार से अधिक श्वानों का टीकाकरण कराया गया है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश राशवत कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने सरकार को सितंबर-अक्टूबर में हुई दो बाघों की मौत का कारण बताने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

# कलेक्टर ने बच्चों से पढ़वाया पाठ, पूछे गणित और सामान्य ज्ञान के सवाल

## मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, सफाई और नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान

निवाड़ी, आरएचएम। कलेक्टर जमुना भिड़े ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया और जिला पंचायत सीईओ रोहन सक्सेना के साथ ओरछा तहसील के रामनगर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से किताबें पढ़वाकर उनकी पठन क्षमता परखी और गणित, सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल पूछकर शैक्षणिक स्तर का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भी पूछे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अनियमित रूप से स्कूल आने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें बच्चों को नियमित भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा।



कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए निर्धारित मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और वितरण के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर और कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा बच्चों को सुरक्षित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण देने पर भी जोर दिया।

# गोद में दो साल का बच्चा, हाथों में सरकारी काम की जिम्मेदारी



शिवपुरी, आरएचएम। मां की ममता और सरकारी जिम्मेदारी के बीच संतुलन साधना आसान नहीं, लेकिन संध्या शर्मा इसे बखूबी निभा रही हैं। शिवपुरी जिले के डोंगर पटवारी हल्का क्रमांक 122 में पदस्थ संध्या शर्मा अपने दो साल के बच्चे को साथ लेकर ड्यूटी पर पहुंचती हैं और स्वामित्व योजना के काम में जुट जाती हैं। उनकी यह तस्वीर मातृत्व के प्रेम और कर्तव्य के प्रति समर्पण की एक भावुक मिसाल पेश करती है। एक ओर बच्चे की देखभाल, उसकी जरूरतों का ध्यान और परवरिश की जिम्मेदारी है, तो दूसरी ओर भूमि अभिलेख तैयार करने और स्वामित्व योजना के पंजीयन जैसे जरूरी शासकीय काम। संध्या दोनों जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बनाकर अपने दायित्व निभा रही हैं। उनके पति भी शासकीय सेवा में हैं, ऐसे में पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच समय और व्यवस्था का संतुलन बनाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। दरअसल, स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि संबंधी अभिलेख तैयार करने, जरूरी जानकारी जुटाने और पंजीयन की प्रक्रिया पूरी करने में राजस्व अमले की अहम भूमिका है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिले में चल रहे अभियान के तहत मैदानी कर्मचारी निर्धारित समय में काम पूरा करने में जुटे हैं। संध्या शर्मा का यह प्रयास बताता है कि जिम्मेदारियों के बीच रास्ते निकाले जा सकते हैं। गोद में बच्चा लेकर काम पर पहुंचने वाली एक मां की यह तस्वीर सिर्फ उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि उन तमाम कामकाजी महिलाओं के संघर्ष और हौसले की कहानी भी है, जो परिवार की परवरिश और अपने पेशेवर दायित्वों को साथ लेकर चलती हैं।

# किसानों को समय पर खाद-बीज और पानी मिले

## एपीसी की समीक्षा बैठक में नरवाई जलाने पर रोक के निर्देश

अशोकनगर, आरएचएम। कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को ग्वालियर एवं चंबल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एपीसी की समीक्षा बैठक हुई। इसमें किसानों के लिए पानी, गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद की उपलब्धता की समीक्षा कर समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों से कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता, बीजों की गुणवत्ता और खाद वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि किसानों को कृषि कार्यों में परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। खाद-बीज और पानी की उपलब्धता बनाए रखने के साथ आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने, किसानों को इसके नुकसान के प्रति जागरूक करने और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन पर जोर दिया गया। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य विभाग के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह, संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद, उप संचालक कृषि अमित सिंह भदौरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मुरैना में चौथी मंजिल से कूदी महिला, हालत गंभीर

मुरैना, आरएचएम। कोतवाली थाना क्षेत्र के नैनागढ़ रोड पर सोमवार तड़के एक महिला ने मकान की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल महिला को मुरैना जिला अस्पताल से ग्वालियर और फिर दिल्ली रेफर किया गया। उसका इलाज आईएसआईसी ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, उसके शरीर का निचला हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया है और हालत चिंताजनक है। पुलिस के अनुसार, भूमि शर्मा (32) सोमवार सुबह करीब 3:30 बजे छत पर पहुंची। पति, बच्चे और आसपास के लोगों ने करीब आधे घंटे तक उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी और छलांग लगा दी। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसमें बच्चा मां को 'मम्मी-मम्मी' पुकारता सुनाई दे रहा है। सीएसपी कवींद्र सिंह चौहान के मुताबिक, दंपति मूल रूप से अंबाह का रहने वाला है और करीब एक महीने पहले ही नैनागढ़ रोड पर किराये से रहने आया था। परिवार ने यहां डेयरी की दुकान भी खोली थी। महिला ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# डेयरी संचालक पर चाकू से 15 वार, आईसीयू में भर्ती

कटनी, आरएचएम। जालपा वार्ड में सोमवार रात स्कूटी से घर लौट रहे डेयरी संचालक किशोर तोमर पर एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने उन पर 15 से अधिक वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। किशोर के बेटे अंश तोमर ने आरोप लगाया कि हमलावर उनके पिता की 10 तोला सोने की चेन भी छीन ले गया। हालांकि, कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे के अनुसार, अब तक की जांच में चेन लूटने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

### बेटे ने 10 तोला सोने की चेन लूटने का लगाया आरोप


पुलिस के मुताबिक, हमला पुरानी रंजिश के चलते लल्ला पंडित उर्फ हर्ष द्विवेदी ने किया। नवरात्र के दौरान मंदिर के पास हुए विवाद को इसकी वजह माना जा रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और मामले की जांच कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, किशोर तोमर के मस्तिष्क में खून जमा है और फ्रैक्चर भी हुआ है। सिर के अलावा चेहरे, नाक, होंठ और पीठ पर चोटें आई हैं। उनकी हालत में सुधार है, लेकिन वे अभी आईसीयू में भर्ती हैं।

### कलेक्टर वर्मा के निर्देश-पंजीयन में तेजी लाएं एसडीएम-तहसीलदार

# स्वामित्व योजना में सुस्ती पर सख्ती, पटवारीवार होगी समीक्षा

शिवपुरी, आरएचएम। स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को भूमि का मालिकाना हक दिलाने के लिए पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायतों के सीईओ को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा प्रगति में आ रही बाधाएं दूर करने को कहा है। लापरवाही मिलने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने तहसीलवार और अनुभागवार समीक्षा करते हुए एसडीएम को पटवारीवार कार्यों की प्रगति पर नजर रखने तथा लंबित पंजीयन जल्द पूरे कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्तर पर सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया शुरू कराने और ई-केवाईसी के कार्य में तेजी लाने को कहा गया है।



तकनीकी समस्याओं के लिए हेल्प डेस्क

पंजीयन प्रक्रिया में आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर विशेष हेल्प डेस्क गठित की गई है। अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में गठित दल में ई-गवर्नेंस प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी, ई-दक्ष केंद्र के प्रशिक्षक प्रवीन समाधिया, राजस्व निरीक्षक रामवरन सिंह यादव, वेब जीआईएस कोऑर्डिनेटर आदिल कुरैशी तथा पटवारी योगेन्द्र शर्मा और जगमोहन धाकड़ शामिल हैं। हेल्प डेस्क अनुभाग, तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तरीय टीम से समन्वय करेगी। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मोबाइल फोन चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो. : 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com

+ c m y k